# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 5- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 90 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ डॉ. भीमराव अंबेडकर : स्त्री उद्धार में महत्वपूर्ण योगदान

आईएमडीबी की रैंकिंग में तृप्ति डिमरी पहले स्थान पर ◂◂ 6







# सीएम ने अपने मंत्रियों को विभाग किया आवंटित, अधिसूचना जारी

## राधा कृष्ण किशोर वित्त, डॉ इरफान अंसारी स्वास्थ्य, रामदास सोरेन शिक्षा व शिल्पी नेहा तिर्की कृषि मंत्री बनीं

- मुख्यमंत्री ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा के साथ-साथ गृह (कारा सहित) विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग अपने पास रखा

**मेट्रो रेज**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा के साथ-साथ गृह (कारा सहित) विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित) तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं हैं, अपने पास रखा है। शुक्रवार को मंत्रिमंडल विस्तार की अधिसूचना जारी कर दी गई।



**राधा कृष्ण किशोर बने झारखंड के वित्त मंत्री:** कांग्रेस के टिकट पर पलामू जिले के छतरपुर विधानसभा से चुनकर आए राधा कृष्ण किशोर को वित्त विभाग का मंत्री बनाया गया है। वह वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग और संसदीय कार्य विभाग के भी मंत्री होंगे।

**दीपक बिरुवा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री:** चाईबासा सीट से लगातार जीत रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता दीपक बिरुवा को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित) का मंत्री बनाया गया है। चाईबासा के विधायक को परिवहन विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**चमरा लिंडा बने एसटी, एससी एवं ओबीसी कल्याण मंत्री:** झामुमो के एक और वरिष्ठ नेता चमरा लिंडा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग का मंत्री बनाया गया है। वह गुमला जिले के बिशुनपुर विधानसभा सीट से जीते हैं

**संजय प्रसाद यादव झारखंड के श्रम मंत्री बने:** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग का मंत्री संजय प्रसाद यादव को बनाया गया है। उन्हें उद्योग विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के नेता हैं और गोड्डा विधानसभा सीट से निर्वाचित होकर झारखंड विधानसभा पहुंचे हैं।

**रामदास सोरेन को हेमंत ने बनाया शिक्षा मंत्री:** घाटशिला विधानसभा के झामुमो विधायक रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ निबंधन विभाग का भी मंत्री बनाया गया है।

डॉ इरफान अंसारी बने स्वास्थ्य मंत्री: डॉ इरफान अंसारी को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। जामताड़ा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर आए डॉ इरफान अंसारी को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों और आपदा प्रबंधन विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है।

**हफीजुल अंसारी जल संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री:** हफीजुल हसन को जल संसाधन विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग की मंत्री बनाई गईं हैं।

**योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद मद्य निषेध मंत्रालय:** गोमिया विधानसभा सीट से जीतकर आए झामुमो नेता योगेंद्र प्रसाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री बनाए गए हैं। वह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के भी मंत्री होंगे।

# राहत : नहीं बढ़ेगी आपके लोन की ईएमआई रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

## आरबीआई ने 6.5 प्रतिशत पर रेपो रेट बरकरार रखा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया है, जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाए आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद अप्रैल 2023 में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की पांचवी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बहुमत से मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह




में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया है।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढ़ोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

## नशा कारोबार के खिलाफ लातेहार पुलिस की कार्रवाई

# ट्रक से 70 लाख की अवैध शराब बरामद



**मेट्रो रेज**

**रांची/लातेहार :** लातेहार पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ट्रक से 947 पेटी अवैध शराब बरामद किया है । जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 70 लाख रुपये है । जानकारी के अनुसार, एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में अवैध शराब छुपाकर हरियाणा से लाया जा रहा था । इसे झारखंड के भी कुछ जिलों में और आसपास के राज्यों में भेजने की योजना है । सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ने एक टीम बनाकर चंदवा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया । इसी दौरान राजस्थान के नंबर का एक ट्रक वहां पहुंचा । पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें बोरियों में भरा हुआ पशु चारा लोड था । पुलिस ने जब बोरियां हटाकर देखा तो ट्रक से 947 पेटी अवैध शराब बरामद हुए । इधर शराब पकड़े जाने के बाद ट्रक चालक तथा उसके साथ ट्रक पर बैठा एक अन्य व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया । पकड़े गये शराब तस्करों में कानाराम और किशना राम शामिल है । दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं ।

# शादी से लौट रही कार पेड़ से टकराकर खाई में गिरी, छह लोगों की मौत

**एजेंसी**

**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब उत्तराखंड के खटीमा से एक शादी समारोह में शामिल होने आए 11 लोग वापस लौट रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुल्हन पक्ष के ये लोग गुरुवार रात पीलीभीत के चंदोई कस्बे में हुए एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। देर रात समारोह से वापस लौटते समय उनकी कार पीलीभीत टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया कस्बे के पास एक पेड़ से टकरा गई और फिर एक खाई में जा गिरी।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, तब तक 5 लोग अपनी



जान गंवा चुके थे। अस्पताल में इलाज के दौरान एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## चित्रकूट में कार और ट्रक की जबरदस्त टक्कर, छह की मौत

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में एक बड़ा एक्सीडेंट हुआ है। यहां झांसी मिर्जापुर राजमार्ग पर एक गाड़ी और ट्रक के बीच टक्कर हो गई है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। हादसे में पांच लोग घायल भी हुए है। पुलिस की मानें तो जिस कार से टक्कर हुई है वो प्रयागराज से आ रही थी। इस हादसे में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के लोग घायल हुए है। बता दें कि सभी लोग अपने रिश्तेदार का अंतिम संस्कार कर लौट रहे थे, तभी ये हादसा हो गया।

दुर्घटना आज सुबह लगभग 5:30 बजे घटित हुई, ऐसा माना जा रहा है कि ड्राइवर को नींद आ गई होगी। जिसके कारण वाहन ट्रक के रास्ते में आ गया। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने बताया कि दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और शवों की पहचान के प्रयास जारी हैं। परिवार हाल ही में दिवंगत हुए एक रिश्तेदार का अंतिम संस्कार करने के लिए प्रयागराज गया हुआ था और जब यह घटना घटी, तब वे छतरपुर लौट रहे थे।

दुर्घटना के बाद, पीड़ित मलबे में फंस गए और बचे हुए लोगों को निकालने के लिए आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था की गई। घायलों को जिला अस्पताल और रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# किसानों का दिल्ली कूच आज, अलर्ट मोड पर पुलिस

## शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बढ़ाई गयी सुरक्षा

**नई दिल्ली :** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में पंजाब के किसान आज दोपहर एक बजे दिल्ली के लिए कूच करेंगे। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर हैं और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। दिल्ली कूच को लेकर शंभू बॉर्डर पर किसान जुटने लगे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार उन्हें आगे बढ़ने देने के लिए तैयार नहीं है। अंबाला में शंभू और जींद में खनौरी बार्डर पर सख्ती बढ़ाते हुए हरियाणा ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। हरियाणा और पंजाब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए तैयारी पूरी कर ली है।

इससे पहले गुरुवार को ही हरियाणा पुलिस ने सीमा के पास बैरिकेडिंग कर दी थी। सात-परत सुरक्षा सेटअप में तीन नई परतें जोड़ी गईं, जिसमें दीवारें, लोहे की कीलें, कांटेदार तार, जाल आदि शामिल हैं। भारतीय किसान यूनियन-एकता और हरियाणा की अन्य यूनियनें, अपनी मांगों को लेकर किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के बैनर तले दिल्ली की ओर बढ़ेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# दलित पिता और गैर-दलित मां के बच्चों को मिलेगा आरक्षण का लाभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में दलित पुरुष और गैर-दलित महिला के विवाह को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत यह फैसला सुनाया है। इस फैसले के साथ ही कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि विवाह के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अनुसूचित जाति में शामिल नहीं हो सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने



इस मामले में कहा कि, जन्म के आधार पर जाति तय होती है, विवाह से नहीं। कोर्ट ने आगे कहा कि दलित पिता के बच्चे अनुसूचित जाति के होंगे, भले ही उनकी मां गैर-दलित हो।

### क्या है अनुच्छेद 142

अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को न्याय और न्याय के हित में कोई भी आदेश देने का अधिकार देता है। इस मामले में, कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत व्यापक हस्तक्षेप करते हुए न केवल वैवाहिक विवाद को हल किया बल्कि बच्चों के अधिकार और उनके भविष्य की भी रक्षा की।

कोर्ट ने इस मामले में दोनों के 11 वर्षीय बेटे और छह साल की बेटी के लिए एससी जाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अधिकार दिया है। कोर्ट ने कहा कि मां-बाप के तलाक के बाद भी बच्चों को अनुसूचित जाति के तहत सरकारी शिक्षा और रोजगार के लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा। पिता को छह महीने के भीतर बच्चों के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।

कोर्ट ने पिता को बच्चों की शिक्षा (पोस्ट-ग्रेजुएशन तक) के लिए सभी खर्च उठाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, पति को पत्नी और बच्चों के जीवनभर के मेंटिनेंस के तौर पर 42 लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान करना होगा। कोर्ट ने पति का एक जमीन का प्लॉट भी पत्नी को सौंपने का आदेश दिया है।

पीठ ने एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज क्रॉस-एफआईआर को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने महिला को निर्देश दिया कि वह बच्चों को समय-समय पर उनके पिता से मिलवाए, उन्हें छुट्टी पर ले जाने दे और उनके बीच अच्छे संबंध बनाए।

## न्यूज ब्रीफ

### योगेंद्र प्रसाद महतो को मंत्री बनाये जाने पर झामुमो समर्थकों में खुशी



**गोमिया :** गोमिया से नवनिर्वाचित झामुमो के दिग्गज विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो बृहस्पतिवार को हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार समारोह में राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जाने के पूर्व उन्होंने अपने पैतृक आवास मुरुबंदा में अपनी मां के चरण स्पर्श कर प्रणाम किया और दिवंगत पिता को नमन करते हुए राजभवन के लिए रवाना हुए। मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत बाबू ने गोमिया को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुरुजी श्री शिबू सोरेन ने जिस उम्मीद और विश्वास से उन्हें मंत्रिपरिषद में शामिल किया है,उस पर पूरी क्षमता से खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आदरणीय बाबा शिबू सोरेन के प्रति आभार भी प्रकट किया। योगेंद्र प्रसाद महतो के मंत्री बनने पर गोमिया में झामुमो कार्यकताओं व समर्थकों में खुशी की लहर है। झामुमो गोमिया प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, प्रखंड सचिव सह मुखिया बंटी उरांव, मुखिया शांति देवी, मुखिया अंशु कुमारी, मुखिया रामवृक्ष मुर्मू, झाकोमयु कथारा प्रक्षेत्र के संयुक्त सचिव मुमताज आलम, पुर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान,पूर्व उपमुखिया गणेश यादव, पंसस जनक देव यादव, पंसस हरि सिंह, पंसस कुन्ती देवी, कोपेश्वर यादव, उमेश यादव, घनश्याम महतो,केशव मणि प्रसाद, राजू शाह, बद्री पासवान, शंकर पासवान, शहजादा, राजेश जायसवाल राजेश भारती,सुभाष नायक, पूर्व उपमुखिया चंदन पासवान, सफदर अंसारी, हमूद आलम,सरोवर आलम, मंजूर इलाही, दीनाराम हांसदा, सोनाराम बेसरा, श्यामल डे, संतोष राम, लेखराज चौहान, शंभू यादव, सुरेश राम,मो0 गुलाम, अशोक पासवान, विशाल जायसवाल, धीरेंद्र यादव, संतोष पासवान, प्रकाश राय, दीपक ठाकुर, महानंद कुमार, रंजीत रविदास, दिनेश रविदास, मुश्ताक अंसारी, कौसर अंसारी, आमीन, वसीम, मनीष थापा, समेत कई लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही समर्थकों ने बृहस्पतिवार की देर शाम गोमिया मोड में आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

### नया मोड़ बस स्टैंड में यात्री सुविधाएं बढ़ाई जाएं और इसे व्यवस्थित किया जाये: डीसी



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने चास नगर निगम क्षेत्र एवं बीएस सिटी क्षेत्र में शहरवासियों को उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं, बीएस सिटी कुंदन कुमार, सहायक नगर अयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने चास नगर निगम एवं बीएस सिटी को सुंदर एवं व्यवस्थित करने को लेकर क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और जरूरी दिशा -निर्देश दिया। इस दौरान शहरवासियों से नयामोड़ स्थित बस स्टैंड की अव्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों पर बीएसएल प्रबंधन पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं (पेयजल, शौचालय, पार्किंग, फुटपाथ आदि) को अविलंब सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित एकमात्र बस स्टैंड है, राज्यीय- अंतरराज्यीय बसों का आवागमन प्रतिदिन होता है, लेकिन यात्री सुविधाएं नदारद हैं। इस पर उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं कुंदन कुमार को बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं/व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिशा में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। वहीं, सड़कों की नियमित साफ - सफाई, घरों से निकलने वाले कचड़ों का सही से निस्तारण आदि को लेकर भी जरूरी दिशा- निर्देश दिया। आगे, बैठक में भारत सरकार द्वारा चास नगर निगम क्षेत्र एवं बीएस सिटी का चयन के हाउस होल्ड मैपिंग- डिजिटलाइजेशन को लेकर चिन्हित किया गया है। इसको लेकर दोनों (नगर निगम प्रशासन/बीएसएल नगर)प्रबंधनों को सायनोप्सिस (सार/विवरण) जिसमें क्षेत्रफल, जनसंख्या, कुल वार्ड/सेक्टर आदि की जानकारी उल्लेखित करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ दांत जरूरी : डॉ संजीव चंदन

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल,चास के बच्चों के लिए मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 1200 बच्चों के दांतों की जांच की गई। इसमें 70% बच्चों के दांतों में सड़न सहित अन्य दंतरोग से ग्रस्त पाए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए बच्चों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार चंदन ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई एवं देखभाल के लिए प्रेरित किया। डॉ संजीव ने दांत सुरक्षा के उपायों की जानकारी बच्चों को देते हुए कहा की चेहरे की खूबसूरती और अच्छी सेहत का संबंध सुंदर एवं स्वास्थ्य दांतों से है। डॉ प्रशांत कुमार ने कहा की शरीर के अन्य अंगों के साथ दांत की हिफाजत किया जाना अति आवश्यक है। गुरु गोविंद सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा की ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के निरंतरता की जरूरत है। दंत जांच शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने भी शिविर का जायजा लिया। शिक्षिका उषा कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बोकारो डेंटल एसोसिएशन के डॉ सुमित कुमार,डॉ प्रवीण प्रभाकर, डॉ संतोष कुमार, डॉ सीताराम महतो, डॉ अमित कुमार, डॉ देवेंद्र राय,डॉ प्रवीण मिश्रा,डॉ जॉन लिय्यू,डॉ संजय कुमार, डॉ आदर्श पाराशर, डॉ अभिषेक अरुणदीप, डॉ शालू कुमारी, डॉ विशाखा शर्मा, डॉ ऋचा, डॉ ईशा,डॉ को शिल,डॉ अन्नु आदि डॉक्टरों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रोटरी क्लब के संजय बैद, कुमार अमरदीप चनप्रीत सिंह, बिनय सिंह, उषा कुमार, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# कैबिनेट में मुख्यमंत्री के इलाके का दबदबा, शिल्पी नेहा सबसे युवा तो संजय प्रसाद सबसे अमीर मंत्री




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को हेमंत सोरेन सरकार की नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण हुआ। इसमें 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इससे पहले 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। नए मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह, कांग्रेस के चार और राष्ट्रीय जनता दल के एक चेहरे को जगह मिली है। इस तरह से झारखंड की सरकार में अब हेमंत सोरेन समेत कुल 12 मंत्री हो गए हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हैं। वे राज्य के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन के बेटे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहेबगंज जिले की बरहेट विधानसभा सीट से चुनाव जीते हैं। हेमंत ने बरहेट सीट पर भाजपा के गमलील हेम्ब्रोम को 39,791 मतों के अंतर से हराया। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने भी गांडेय विधानसभा सीट से जीत हासिल की। 28 नवंबर को शपथ लेने के साथ ही उनकी चौथी पारी शुरू हो गई। झारखंड के इतिहास में ऐसा पहली बार है। इस नए नवेले राज्य के 24 साल के इतिहास में तीन चेहरे तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इनमें हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन, भाजपा नेता अर्जुन मुंडा और खुद हेमंत सोरेन शामिल हैं। चौथी बार शपथ लेते ही हेमंत इस श्रेणी से आगे निकल गए हैं।

मंत्रिमंडल बंटवारे को क्षेत्रवार देखें तो इसमें सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व संथाल परगना को मिला है। आदिवासी बाहुल्य संथाल परगना से पांच मंत्री हैं जिनमें खुद मुख्यमंत्री हेमंत भी हैं। संथाल परगना से आने वाले झामुमो और कांग्रेस के दो-दो और राजद के एक विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। संथाल परगना के साहेबगंज जिले से हेमंत सोरेन (झामुमो), गोड्डा जिले से संजय प्रसाद यादव (राजद) और दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस), देवघर से हफीजुल हसन (झामुमो) और जामताड़ा से इरफान अंसारी (कांग्रेस) को कैबिनेट में जगह मिली है।

इसके बाद उत्तर छोटानागपुर, दक्षिण छोटानागपुर और कोल्हान इलाके से दो-दो मंत्री बनाए गए हैं।उत्तर छोटानागपुर के गिरिडीह जिले से सुदिव्य कुमार (झामुमो) और बोकारो से योगेंद्र प्रसाद (झामुमो) को मंत्री पद मिला है। इसी तरह दक्षिण छोटानागपुर में लोहरदगा जिले से चमरा लिंडा (झामुमो) और रांची से शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस) को मंत्री बनाया गया है।

कोल्हान से दो विधायक मंत्री बनाए गए हैं और दोनों ही पश्चिमी सिंहभूमि से जीते हैं। कोल्हान से घाटशिला विधायक रामदास सोरेन (झामुमो) और चाइबासा विधायक दीपक बरुआ (झामुमो) को मंत्री बनाया गया है। कोल्हान से ही पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आते हैं जो अब झामुमो छोड़कर भाजपा के साथ आ चुके हैं।

वहीं पलामू क्षेत्र को एक ही मंत्री पद मिला है। पलामू जिले की छतरपुर सीट से कांग्रेस विधायक राधा कृष्ण किशोर मंत्री बनाए गए हैं।

**लाखों की नौकरी छोड़ने वाली शिल्पी नेहा तिर्की सबसे युवा**

झारखंड मंत्रिमंडल की औसत उम्र 52 साल है। पांच मंत्रियों ने अपनी आयु 31 से 50 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि सात मंत्रियों ने अपनी आयु 51 से 70 वर्ष के बीच घोषित की है। 31 साल की शिल्पी नेहा तिर्की कैबिनेट में सबसे कम उम्र की हैं। मांदर सीट से जीतीं शिल्पी कांग्रेस की नेता हैं। शिल्पी के पिता और विधायक रहे बंधु तिर्की को आय से अधिक संपत्ति मामले में तीन साल की सजा हुई और उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गई थी। इसके बाद शिल्पी ने फ्लिपकार्ट में लाखों की छोड़कर पिता की राजनीतिक विरासत को संभाला। शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने ग्रेजुएशन की पढ़ाई क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बेंगलुरू से की। बाद में मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से मार्केटिंग कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया है। कैबिनेट के सबसे उम्रदराज चेहरे राधा कृष्ण किशोर हैं। 66 साल के राधा कृष्ण भी कांग्रेस के टिकट पर जीते हैं। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत चार मंत्रियों की उम्र 49 साल है।

**संजय प्रसाद सबसे अमीर मंत्रीः** कैबिनेट के सभी मंत्री करोड़पति हैं। मंत्रियों की औसत संपत्ति 8.71 करोड़ रुपये है। राजद के टिकट पर जीते संजय प्रसाद यादव कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री हैं। संजय ने अपनी कुल संपत्ति 29.59 करोड़ रुपये बताई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कैबिनेट के दूसरे सबसे अमीर सदस्य हैं। उन्होंने चुनावी हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति 25.33 करोड़ रुपये बताई है। झामुमो के टिकट पर मधुपुर सीट से जीते हफीजुल हसन कैबिनेट के सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री हैं। हसन ने अपनी कुल संपत्ति 1.60 करोड़ रुपये बताई है।

**मंत्रिमंडल में दो महिलाएं को जगहः** कैबिनेट में शामिल दो महिला मंत्रियों की बात करें तो दीपिका पांडेय सिंह के पास 6.07 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, शिल्पी नेहा तिर्की के पास 1.90 करोड़ रुपये की संपत्ति हैं। शिल्पी नेहा संपत्ति के मामले में दूसरी सबसे कम संपत्ति वाली मंत्री हैं। गिरिडीह से जीते सुदिव्य कुमार मंत्रिमंडल में तीसरे सबसे अमीर मंत्री हैं। झामुमो ने अपने चुनावी हलफनामे में कुल 15.17 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है और उन्हें कारोबार से कमाई होती है।

**मुख्यमंत्री समेत दो मंत्री 12वीं पासः** तीन मंत्रियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा घोषित की है, जबकि आठ मंत्रियों ने स्नातक और उससे अधिक की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। एक मंत्री डिप्लोमा धारक हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंटरमीडिएट विज्ञान, पटना विश्वविद्यालय से वर्ष 1994 में 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी। राजद के संजय प्रसाद यादव भी 12वीं तक पढ़े हुए हैं। महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह स्नातक पेशेवर हैं। मुख्यमंत्री ने अपना पेशा राजनीति और समाज सेवा को बताया है। हेमंत सोरेन ने इंटरमीडिएट विज्ञान, पटना विश्वविद्यालय से वर्ष 1994 में 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी।

इसके अलावा 12 मंत्रियों में से सात मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। पांच मंत्रियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

# 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सीसीएल ने किया समझौता

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांके , रांची में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी) अस्पताल की स्थापना के लिए सीसीएल, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया । यह समझौता सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित एक समारोह में संपन्न हुआ। सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ।




**सीसीएल की प्रेरणादायक नेतृत्व क्षमता**

यह पहल सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। श्री सिंह के मार्गदर्शन में सीसीएल ने न केवल कोयला खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि समाज के समग्र विकास और कल्याण में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा, सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी हमारी प्राथमिकता है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वास्थ्य सेवा में नया युगः** यह अस्पताल झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ-साथ आम लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करेगा। यह पहल सीसीएल की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। लोगों के लिए यह अस्पताल न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई शुरूआत है, बल्कि समाज के कल्याण और क्षेत्रीय विकास की ओर एक मजबूत कदम भी है।

# डीपीएस में तीन-दिवसीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का समापन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ उनमें कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित तीन-दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा, मासूम अदाकारी और तोतली जुबान में उनके संवाद-प्रेषण ने खूब लुभाया। तीन दिनों की अवधि में 400 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। अलग-अलग रूपों में सज-संवरकर अपनी प्रस्तुतियों के जरिए नन्हे विद्यार्थियों ने देश की समृद्ध संस्कृति, पर्यावरण और समस्त प्राणियों की रक्षा का सुंदर संदेश दिया।

प्रतियोगिता के पहले दिन प्रथम कक्षा के कई विद्यार्थी शेर, हाथी, अजगर, उल्लू दरियाई घोड़ा, बाघ, पांडा, मछली सहित भांति-भांति के पशु-पक्षी, जलीय जीव व पेड़-पौधे का रूप धर आए और लुप्तप्राय प्राणियों की अस्तित्व-रक्षा तथा प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कई बच्चे नेताजी सुभाषचंद्र बोस, झांसी की रानी, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मदर टेरेसा, आइंस्टीन एवं विश्व की अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के वेश में आए। इसके अलावा, जूट, पेपर क्राफ्ट, अखबार, बोरा आदि वस्तुओं से बने परिधानों में बच्चों की अप्रतिम साज-सज्जा, उनकी और उनके अभिभावकों की मेहनत बयां कर रही थी। इसके जरिए उन्होंने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग के लायक बनाने की कला समझाई।

दूसरे दिन कक्षा प्रेप के कुछ प्रतिभागी झारखंडी, राजस्थानी, आदिम जनजाति, पंजाबी आदि वेशभूषा में सजकर आए, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत चित्रण किया। कुछ बच्चे ऑक्टोपस, जेलीफिश, कछुआ, डॉल्फिन आदि का रूप धरकर आए और जलीय जीवों तथा सागर के संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं, कई प्रतिभागी अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर, जैसे-स्पाइडर मैन, छोटा भीम, बैट मैम, डोरेमोन, अलादीन आदि के वेश में आए, तो कई ने प्रकृति बचाने तथा प्रदूषण-नियंत्रण का भी संदेश दिया। वहीं, तीसरे दिन गुरुवार को नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने पायलट, पुलिसकर्मी, कूली, चिकित्सक, चालक, ग्वाला आदि सामुदायिक सहयोगियों के रूप में उनकी महत्ता व उनके सम्मान पर बल दिया। बच्चों ने कीट-पतंगों तथा फूल व पेड़ों के रूप में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में समूहवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों की प्रतिभा विकसित होती है, बल्कि वे अपने आसपास के वातावरण, समाज आदि से अवगत भी हो पाते है। उन्होंने कहा कि हरेक बच्चे में कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी होती है, जिसे उभारकर निखारने की जरूरत है। ऐसे आयोजन बच्चों के समग्र विकास में सहायक हैं और डीपीएस बोकारो इस दिशा में सतत प्रयासरत है।

# चिन्मय विद्यालय की छात्रा श्रुति बनी आईपीएस स्कूल आकर गुरुजनों का लिया आशीर्वाद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी श्रुति अपने स्कूल चिन्मय विद्यालय पहुंची और गुरूजनों का आशीर्वाद लिया। श्रुति फिलहाल हजारीबाग में सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात है। श्रुति ने चिन्मय मिशन की स्वामिनी आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय प्रबंधन के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य शिक्षको से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वे विद्यालय में भी अनुशासन प्रिय, बहुमुखी प्रतिभा की धनी रही हैं।



इस दौरान उन्होंने अपने पुराने कक्षा में भी जाकर भावनात्मक लगाव बनाए रखा। आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने भारतीय पुलिस सेवा श्रुति की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उन्होंने अपने मेहनत, लगन और एकाग्रता से प्राप्त किया है। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ,विद्यालय प्रबंधन के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा उनके उज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। उन्होंने संजीव सिंह, एस एन झा, डॉ नमिता शर्मा, निशा सिंहा, पंकज कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों से मुलाकात की।

# सभी छह जोन में 9 दिसंबर से सफाई श्रमिक बायोमैट्रिक से अपनी उपस्थिति करेगें दर्ज

### चास नगर निगम कार्यालय स्थित सभागार में उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** चास नगर निगम कार्यालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य/राजस्व संग्रह/शहरवासियों को दी जाने वाली सुविधाओं/सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा - निर्देश दिया। मौके पर अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, डीडीएमओ शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी निगम के अधिकारी/कर्मी व अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सफाई कार्य में लगे श्रमिकों द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने की बात सामने आई। इस पर उन्होंने सभी छह जोन में बौयोमैट्रिक मशीन अधिष्ठापित करते हुए आगामी 09 दिसंबर से सफाई श्रमिकों की उपस्थिति बायोमैट्रिक दर्ज करना सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, सफाई कार्य से जुड़े एजेंसी को निगम क्षेत्र की साफ झ सफाई सही से करने एवं खराब पड़ें टीपर, ट्रैक्टर एवं जेसीबी का 10 दिसंबर तक मरम्मत कार्य कराने को कहा। सभी 06 जोन के कर्मियों को साफ-सफाई के कार्य गुणवत्ता की मानीटरिंग की बात कहीं। उपायुक्त ने शहर में कचड़ा/गंदगी का उठाव नहीं होने पर आमजनों द्वारा की जाने वाली शिकायतों का त्वरित निष्पादन की बात कहीं। इस दौरान जारी टोल फ्री नंबर 18005723626 एवं निगम से प्राप्त सुविधाओं/सेवाओं एवं शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 18001202929 - 9234027898 का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा। प्राप्त शिकायत झ निष्पादन का विवरण पंजी में संधारण का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ठोस कचड़ा प्रबंधन झ सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अधिष्ठापन के दिशा में संचालित कार्यों की प्रगति का समीक्षा किया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से इस दिशा में किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दोनों प्लांटों के अधिष्ठापन को लेकर भूमि चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उपायुक्त ने कार्यों को गति देने का निर्देश दिया।



# झारखंड आंदोलनकारियों को बड़ा तोहफा सीएम ने 30वीं संपुष्ट सूची को दी मंजूरी

**कैबनेट की बैठक से पहले एक्शन मोड में मुख्यमंत्री, लिया बड़ा फैसला,आंदोलनकारियों को मिलेगा पेंशन , किया जायेगा सम्मानित**

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद होने वाली पहली कैबिनेट से पहले हेमंत सोरेन सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सरकार ने तीन बड़े फैसले किए हैं। ये फैसले झारखंड आंदोलनकारियों से जुड़े हैं।

### झारखंड आंदोलनकारियों की 30वीं सूची को सीएम की मंजूरी

अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन करने वालों की 30वीं सूची को मंजूरी दे दी गई है। आंदोलनकारियों के आश्रितों और आंदोलनकारियों के लिए पेंशन की राशि तय कर दी गई है। साथ ही आंदोलनकारियों को सम्मानित करने का भी फैसला किया गया है।

### 144 आंदोलनकारियों को 7000 रुपए मासिक पेंशन

झारखंड सरकार के 11 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग रांची की ओर से चिह्नित किए गए 299 आंदोलनकारियों की 30वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी दे दी। 144 चिह्नित आंदोलनकारियों / आश्रितों को 3500 रुपए और एक आंदोलनकारी / आश्रित को 7000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी।



### 154 आंदोलनकारियों को किया जाएगा सम्मानित

इतना ही नहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इन सभी को 20 अप्रैल 2021 से सरकार द्वारा अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएंगी। ज्ञात हो कि झारखंड में शुक्रवार (6 दिसंबर) को अपराह्न 3:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बैठक होगी।

## हेमंत सोरेन की सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकारी स्कूलों की बच्चियों को मिलेंगे 40,000 रूपये

**रांचीं:** हेमंत सोरेन सरकार स्कूली बच्चियों के बढ़ते स्कूल ड्राप आउट को देखते हुए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की है। इस योजना के माध्यम से सरकार स्कूली बच्चियों के खाते में पांच बार में 40 हजार पैसे भेजती है। यह मदद कक्षा आंठवी से लेकर कक्षा 12 वीं तक मिलती रहती है।

### किन लड़कियों को मिलेगा इसका लाभ ?

झारखंड की वैसी छात्राएं जो आठवीं से लेकर 12 वीं कक्षा में पढ़ती है वो इस योजना का लाभ उठा सकती है। आठवीं की कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं को 2500 रुपये, 9वीं में 2500 रुपये और फिर इसके बाद 12 वीं तक 5 हजार रुपये मिलते हैं। इसकी अंतिम किस्त जब लड़कियों की उम्र 18 वर्ष हो जाती है तो उन्हें एक मुश्त 20 हजार रुपये दिए जाते हैं। इस योजना का लाभ उन्हीं लड़कियों को मिलेगा जिनके माता-पिता केंद्र और राज्य सरकार की सरकारी नौकरियों में नहीं हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं ही इसका लाभ ले सकती हैं।

### इन डाक्यूमेंट्स की होगी जरूरत

छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना का लाभ लेने के लिए कुछ आवश्यक डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी। इनमें छात्राओं को पासपोर्ट साइज फोटो, बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बैंक खाते का पासबुक, आय प्रमाण पत्र, स्कूल का आईडी कार्ड, प्रवेश प्रमाण पत्र जमा कराने होंगे। छात्राओं को पहले स्कूल से वैरिफिकेशन कराना पड़ेगा। उसके बाद छात्राओं को आगनबाड़ी सेविकाओं की मदद से सारे जरूरी पेपर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के ऑफिस में जमा कराने होंगे। फिलहाल अभी यह योजना ऑफलाइन की जा रही है।

### सरकार ने क्यों शुरू की यह योजना

झारखंड सरकार का इस योजना का शुरू करने का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिका शिक्षा पर जोर देना, बाल विवाह की प्रथा का अंत करना, उच्च शिक्षा के लिए आने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना शामिल है। सरकार सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना की मदद से छात्राओं के स्कूल ड्रॉप आउट में गिरवाट लाना चाहती है।

## लिंक रैक देर से चलने के कारण रेल यातायात प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द



**जयपुरः** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 14715, हिसार-जयपुर एक्सप्रेस दिनांक 06.12.24 को हिसार से अपने निर्धारित समय 14.30 बजे के स्थान पर 03 घंटे 15 मिनट की देरी से 17.45 बजे रवाना होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04870 , सरदार शहर - रतनगढ़ स्पेशल दिनांक 06.12.2024 को रद्द रहेगी।

1. **गाड़ी संख्या 04847 ,रतनगढ़- सरदार शहर स्पेशल दिनांक 06.12.2024 को रद्द रहेगी।**
2. **गाड़ी संख्या 04848 , सरदार शहर - रतनगढ़ स्पेशल दिनांक 06.12.2024 को रद्द रहेगी।**

## अर्चा साहित्य कला अकादमी संगीत का समागम 8 को



**रांचीः** अर्चा साहित्य कला अकादमी के बैनर तले आठ दिसंबर सुबह 11 बजे रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटॉरियम मोरहाबादी रांची में आयोजित होना है। इसमें झारखंड राज्य से 108 कलाकार हिस्सा लेंगे। 15 रविंद्र संगीत एक मंच पर प्रस्तुत की जाएगी। इसमें महिला और पुरुष दोनों कलाकार मौजूद रहेंगे। 15 गानों को 7 मेंटरों ने मिलकर बनायी है। यह जानकारी अर्चा साहित्य कला अकादमी के चेयरमैन डॉ पंपा सेन विश्वास, सरोज प्रसाद, दीप्ती शिखा गुहा और अखिलेश कुमार ने लालपुर के सीटी पैलेस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड में पहली बार हो रहा है।वहीं कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एचईसी अभिजीत घोष, पूर्व अध्यक्ष एफ जेसीसीआई कुणाल आजमानी व बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष और प्रदीर लाहिड़ी मुख्य अतिथि रहेंगे।

## नगर विकास सचिव ने केंद्रीय संस्थानों के बकाए होल्डिंग टैक्स की वसूली का दिया निर्देश




**रांचीः** नगर विकास विभाग ने राजस्व वृद्धि पर जोर दिया है। विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने केंद्रीय संस्थानों सीसीएल, बीसीसीएल, पोस्ट ऑफिस, सेल, रेलवे से बकाया होल्डिंग टैक्स वसूली का निर्देश दिया है। इन संस्थानों पर 200 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। राज्य सरकार के वैसे भवन जहां से होल्डिंग टैक्स नहीं मिल रहा है उसके लिए वित्त विभाग और अन्य विभागों से समन्वय स्थापित बजटीय उपबंध कराने का निर्देश दिया है। जियाडा क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों से होल्डिंग टैक्स वसूली की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

**टैक्स वसूली को दें प्राथमिकताः** प्रधान सचिव ने कहा कि सभी नगर निकायों का बकाया होल्डिंग टैक्स सहित विभिन्न प्रकार की कर वसूली को भी प्राथमिकता सूची में रखें। अधिक से अधिक संसाधनों को चिन्हित कर उससे निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम बनायें। इन स्त्रोत से आनेवाले राजस्व का इस्तेमाल वहां के नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधा और जीवन स्तर प्रदान करने में किया जाये। बताते चलें कि 2020-21 में इस मद में कर संग्रहण 147 करोड़ रुपया था जो 2023-24 में बढ़कर 220 करोड़ रुपया हो गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ ब्राह्मण महासंघ ने की न्याय व सुरक्षा की मांग




**रांचीः** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। महासंघ ने इसे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन, बल्कि सनातन धर्म और संस्कृति पर संगठित हमला करार दिया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। घरों को जलाया जा रहा है और बहन-बेटियों की अस्मिता को निशाना बनाया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसका ठोस समाधान आवश्यक है। हिंदू समाज की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करना हमारा नैतिक दायित्व है।

**महासंघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ हिंदुओं की रक्षा के लिए खड़ा है:** उन्होंने आगे कहा कि महासंघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ हिंदुओं की रक्षा के लिए खड़ा है और इस मुद्दे पर भारत सरकार को तुरंत कूटनीतिक हस्तक्षेप करना चाहिए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के बातों का समर्थन किया। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण ने कहा कि भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मामला उठाना चाहिए और बांग्लादेशी हिंदुओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो, तो भारत को इजराइल की तरह मजबूत नीति अपनाकर हिंदुओं को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**यह सनातन धर्म व संस्कृति के अस्तित्व के लिए चुनौतीः आचार्य**

आचार्य कृष्ण ने कहा कि यह केवल बांग्लादेश तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म और संस्कृति के अस्तित्व के लिए चुनौती है। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, स्वामी दिव्यज्ञान, चतुर्भुज शर्मा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सतीश पांडेय,अशोक मिश्र,सीताराम पाठक ने भी अध्यक्ष के बयान का समर्थन किया। कहा कि यह समय एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा का है। महासंघ ने भारत सरकार से इस विषय पर ठोस कार्रवाई करने और हिंदू समाज से संगठित होकर इस संकट का सामना करने की अपील की है।

## डीजीपी आज करेंगे नक्सल मामले व कोर्ट की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता नक्सल मामले और कोर्ट की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में जिले के एसपी, एसएसपी के अलावा रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के अलावा पुलिस मुख्यालय के अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में जिलावार नक्सली नेटवर्क की समीक्षा और कोर्ट की सुरक्षा को लेकर चर्चा की होगी। साथ ही डीजीपी कई दिशा निर्देश भी जारी करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिन के 12 से आयोजित की जाएगी।



## विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ की बैठक

**रांचीः** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने दाल भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में मोनी कुमारी ने संचालकों को दाल भात केंद्र खोलने के समय, वहां दिए जाने वाले भोजन संबंधित समीक्षा की। मौके पर सभी संचालकों ने अपनी समस्या से विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को अवगत करवाया, जिसपर मोनी ने उनके समस्या को समाधान करने की बात कही। बता दें कि रांची अनुभाजन के 12 दाल भात केंद्र संचालित हैं, जहां 5 रुपए में भोजन की व्यवस्था है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**नीलामी–सूचना**
**(संशोधित आदेश)**

अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ज्ञापांक–2884/र0का0, दिनांक –26.11.2024 के आलोक में प्रकाशित नीलामी सूचना PR 340584 Simdega (24-25)#D में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्न प्रकार है :–

"पुराने टायरों के नीलामी प्रक्रिया के दौरान सफल निविदाकारों को निविदा के उपरान्त निर्धारित मूल्य का 25% राशि को उसी स्थान पर तुरन्त ही जमा करना अनिवार्य होगा।"

शेष आदेश पूर्ववत यथावत रहेगा।

पुलिस अधीक्षक–सह–अध्यक्ष,
नीलामी समिति, सिमडेगा।

PR.NO.341276 Simdega(24-25):D

## मलेशिया में फंसे झारखंड के 50 कामगारों की 11 से 18 दिसंबर तक होगी वतन वापसी

**संवाददाता**



**रांचीः** मलेशिया में महीनों से फंसे झारखंड के 50 कामगारों की वतन वापसी को लेकर कायम गतिरोध दूर कर लिया गया है। सभी कामगार 11 से 18 दिसंबर तक अपने घर और गांव लौट आएंगे।

झारखंड सरकार के आग्रह पर विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप से इनकी वापसी सुनिश्चित कराने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। झारखंड सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय ने बताया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व्यक्तिगत तौर पर इस पूरे मामले पर नजर रख रहे हैं। फिलहाल सभी कामगार मलेशिया स्थित भारत दूतावास में हैं। झारखंड के हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह और धनबाद जिले के रहने वाले 50 कामगार मलेशिया स्थित लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने गए थे। शुरूआत के महीनों में इन्हें अनुबंध के अनुसार वेतन और सुविधाएं हासिल हुईं, लेकिन बाद में चार महीने तक उनका वेतन रोक दिया गया। इन कामगारों ने वीडियो संदेश जारी कर केंद्र और राज्य सरकार से हस्तक्षेप और वतन वापसी की गुहार लगाईः झारखंड सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के अनुसार, मजदूरों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को प्राप्त हुई। मामले की जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई, तब तक चुनाव हेतु आचार संहिता लागू हो गई, इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी। चुनाव समाप्त होने और नई सरकार गठन के बाद अब कामगारों की स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा) का वेतन तय था, परंतु उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे। इसमें भी कटौती की जा रही थी। कंपनी की ओर से उनका भोजन पानी भी बंद कर दिया गया था। विरोध करने पर उन्हें धमकियां भी मिल रहीं थीं। इसे लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा। इसके बाद श्रम विभाग के आग्रह पर कुआलालम्पुर स्थित भारतीय दूतावास ने कंपनी के प्रतिनिधियों एवं कामगारों के बीच समझौता कराया। भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में लिया और कंपनी से उनकी बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया।

**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक .13.12.2024 को 11:30 पूर्वाहन/अपराह्न को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4108 | TATA INDIGO | 1,80,000/- | 18,000/- |

नियम एवम् शर्त्त :–

1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वयं वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 341308 Lohardaga (24-25)_D

**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक .13.12.2024 को 11:30 पूर्वाहन/अपराह्न को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4108 | TATA INDIGO | 1,80,000/- | 18,000/- |

नियम एवम् शर्त्त :–

1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वयं वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 341308 Lohardaga (24-25)_D

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## देवेंद्र फडणवीस : लो...लौट आया समुंदर....!

गढ़चिरौली के घने जंगलों से लेकर मुंबई के मलाबार हिल तक फैले महाराष्ट्र के सियासी फलक पर फिलहाल एक ही नाम गूंज रहा है- देवेन्द्र गंगाधरराव फडणवीस। तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले फडणवीस ने 2019 में विरोधियों को चेताया था, ‍ॿमैं समुंदर हूं, मेरे किनारों पे घर मत बनाना।ॿ उस वक्त उनकी खूब हंसी उड़ाई गई थी। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटे फडणवीस ने इसे सच कर दिखाया। महाराष्ट्र की सियासत का अपना अलग रंग है। राज्य की स्थापना से लेकर अधिकांश समय तक यहां कांग्रेस और एनसीपी ही सत्ता में रही है। फुले, शाहूजी और आंबेडकर का नाम लेकर राजनीति करने वाले इस राज्य में शरद पवार और स्व. बालासाहब ठाकरे राजनीति के दो प्रमुख केन्द्र माने जाते रहे हैं। बालासाहब के बाद राज्य में उनके जैसी राजनीतिक हैसियत रखने वाला दूसरा नेता नहीं उभरा। वहीं, जोड़-तोड़, शह-मात की सियासत करने वाले शरद पवार को चुनौती देने वाला कोई नहीं था। महाराष्ट्र कि राजनीति में अब तक वही होता रहा जो पवार चाहते थे। लेकिन पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा स्वयंसेवक ने पवार को ललकारा, इतना ही नहीं पवार के सारे समीकरण ध्वस्त कर अपना परचम बुलंद किया। नतीजतन, कभी राज्य की सियासत को अपनी जेब में रखने वाले शरद पवार की पार्टी को महज 10 विधायकों से संतोष करना पड़ा। राजनीतिक यात्रा में 2024 लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो फडणवीस का करियर ग्राफ लगातार ऊपर ही बढ़ रहा है। सिर्फ 22 साल की उम्र में नागपुर में पार्षद बनने से जो सफर शुरू हुआ था अब वो महाराष्ट्र के तीसरी बार सीएम बनने तक पहुंच गया है। अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे सीएम हैं, जिन्होंने 5 साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। उनसे पहले वसंतराव नाईक ने 1967-72 के बीच अपना मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा किया था। इस रिकॉर्ड की बराबरी फडणवीस 2014-19 के बीच कर चुके हैं और अब तो कई नए रिकॉर्ड बनाने की बारी है। फडणवीस की राजनीतिक यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शुरू हुई। वह 1990 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हुए। 1992 में नागपुर के रामनगर वार्ड से पहला नगर निगम चुनाव जीते और 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा पार्षद बने। उसके बाद 1997 में फडणवीस नागपुर के सबसे युवा मेयर बने और भारत के दूसरे सबसे युवा मेयर बने। इसके बाद 1999 से 2024 तक लगातार 6 बार महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए हैं। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को 105 सीटें मिली थी लेकिन ऐन वक्त पर शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस से हाथ मिलाया। नतीजतन फडणवीस को नेता प्रतिपक्ष बनना पड़ा। इस दौरान उन्होंने अपनी नई सियासी भूमिका बखूबी निभाई। कोरोना महामारी के समय राज्य में हो रही धांधलियों पर फडणवीस ने कड़ा प्रहार किया। इसी दौरान फडणवीस के चलते राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख को जेल जाना पड़ा था। बदले पर उतारू महाविकास आघाडी (मविआ) के नेताओं ने फडणवीस पर बड़े, गहरे और निजी प्रहार किए। फडणवीस के व्यक्तित्व से लेकर उनके पारिवारिक सदस्यों तक की कड़ी आलोचना हुई। इसके बावजूद फडणवीस शांत रहे, अपना काम करते रहे। समय-समय पर अपमान का घूंट पीकर फडणवीस ने 2022 में शिवसेना को पहला झटका दिया। जब एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना का बड़ा कुनबा भाजपा से जा मिला। बगावत से बौखलाए उद्धव ठाकरे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद समय-समय पर फडणवीस की राह मे रोड़े अटकाने वाले शरद पवार का नंबर आया। फिर महाराष्ट्र की राजनीति में वह हुआ जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। शरद पवार के सगे भतीजे अजित और उनके 80 फीसदी सहयोगी फडणवीस से जा मिले। इस बगावत से केवल एनसीपी ही नहीं टूटी बल्कि पवार का परिवार भी बिखर गया। महाराष्ट्र की राजनीति में इसे सियासी सुनामी करार दिया गया था। फडणवीस और मविआ नेताओं में शह और मात का यह खेल 2024 के लोकसभा चुनाव में बदल गया। मविआ को मिली जीत से भाजपा के खेमे में निराशा छाने लगी। भाजपा के समर्थक भी यह मानने लगे थे कि विधानसभा चुनाव बहुत मुश्किल होगा। वहीं, मविआ के नेता अपनी जीत के सपने देखने लगे थे। लेकिन फडणवीस ने दोबारा अपनी पार्टी को निराशा के अंधेरों से बाहर निकाला। एक ओर लाडली-बहना योजना का आगाज किया, दूसरी ओर किसान, मजदूर, गांव, गरीब सबसे संपर्क बनाया, बढ़ाया और अपनी जीत सुनिश्चित की। जिसके दम पर अकेली भाजपा को 133 सीटे मिली, वहीं सहयोगियो को मिला कर 230 सीटों का मजबूत खेमा फडणवीस के पीछे खड़ा होकर हुंकार भर रहा है- लो...लौट आया समुंदर....!

# डॉ. भीमराव अंबेडकरः स्त्री उद्धार में महत्वपूर्ण योगदान

हिन्दू समाज में सम्पत्ति के उत्तराधिकार, निःसंतान होने पर किसी पुत्र या पुत्री के गोद लेने पर पुनः विवाह आदि के संदर्भ में स्त्रियों के साथ भेदभाव करने का विरोध जताया। वे स्त्रियों को सभी लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करना चाहते थे। उनका मत था कि नारी को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। डॉ. अम्बेडकर ने महिला की स्थिति सुधारने के लिए हिन्दू कोड बिल तैयार कर हिन्दू समाज में क्रांति ला दी थी।

**डॉ. लोकेश कुमार**

डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवनपर्यन्त हर वर्ग को शोषण से मुक्त कराने के लिए कृत संकल्पित रहे। महिलाओं के उद्धार के लिए बहुत कुछ किया और हिन्दू कोड बिल में महिलाओं को अधिकारों से वंचित करने के विरोध में कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था। देशभर में उनकी पुण्यतिथि 6 दिसम्बर को मनाई जाती है। डॉ. अम्बेडकर का कहना था कि कम उम्र में बालिकाओं का विवाह नहीं करना चाहिए, उन्हें शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा के लिए पैसा नहीं होगा तो एक समय का खाना बंद कर, वह पैसा शिक्षा में खर्च करना चाहिए। अम्बेडकर ने स्त्री शिक्षण की शुरूआत अपनी अशिक्षित पत्नी रमाबाई को ककहरा सिखा कर अपने घर से की थी। अम्बेडकर स्त्रियों की स्वतंत्र भूमिका पर प्रतिबंध के सख्त विरोधी थे।



उन्होंने हिन्दू समाज में सम्पत्ति के उत्तराधिकार, निःसंतान होने पर किसी पुत्र या पुत्री के गोद लेने पर पुनः विवाह आदि के संदर्भ में स्त्रियों के साथ भेदभाव करने का विरोध जताया। वे स्त्रियों को सभी लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करना चाहते थे। उनका मत था कि नारी को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। डॉ. अम्बेडकर ने महिला की स्थिति सुधारने के लिए हिन्दू कोड बिल तैयार कर हिन्दू समाज में क्रांति ला दी थी। अम्बेडकर ने महिला को पति और पिता की सम्पत्ति में हिस्सा दिलाया। बालिग नारी की सहमति के बिना विवाह नहीं हो सकता। वह अपनी सहमति से किसी भी वर्ग एवं जाति के पुरुष के साथ विवाह कर लेती है तो वह विवाह वैध माना जाएगा। पति के अत्याचारों से बचने के लिए विवाह सम्बंध विच्छेद करने का भी अधिकार दिया गया। प्राचीनकाल में अनेक पत्नियां रखने की परंपरा थी। अम्बेडकर ने भारत में एक पत्नी रखने का कानून स्थापित किया। उन्होंने भारतीय संविधान में नारी मुक्ति के लिए अनुच्छेद 15(1) द्वारा लिंग के आधार पर किए जाने वाले भेद को समाप्त किया। नारी को पुरुष के समान सारे राजनीतिक अधिकार प्रदान किए। सविधान के अनुच्छेद 14 ने नारी को पुरुष के समान बराबरी का दर्जा दिलाया और एक समान कार्य के लिए समान वेतन दिलाने की व्यवस्था की। अम्बेडकर नारी शिक्षा के हिमायती थे। उनका कहना था कि स्त्रियों की प्रगति जितनी मात्रा में हुई होगी, उसके आधार पर मैं उस समाज की प्रगति नापता हूं। भारत का पतन और अवनति का एक प्रमुख कारण नारी अशिक्षा है। नारी को पुरुष के समान शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। डॉ. अम्बेडकर कहते थे कि प्रत्येक लड़की को शादी के बाद अपने पति के साथ एकनिष्ठ रहना चाहिए। उसके साथ मित्रता और समानता के रिश्ते से बर्ताव करना चाहिए, उसकी दासी नहीं बनना चाहिए। अगर आप इस बात का ध्यान रखकर कार्य करेंगी तो आपको सम्मान और वैभव प्राप्त हुए बिना नहीं रहेगा। सबसे पहले प्रसूति अवकाश दिलवायाः- डॉ. अम्बेडकर महिलाओं को लोकतांत्रिक अधिकार देने के समर्थक थे। 1942 में काउंसिल (मंत्रिमंडल) के वे सदस्य थे। उन्होंने श्रम मंत्री के रूप में महिला-मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने के विशेष उपबंध किए। अम्बेडकर ने कोयला खान में काम करने वाली महिलाओं के प्रसूति अवकाश, स्वास्थ्य, मनोरंजन और काम के घंटे निश्चित किए।

(ब) हिन्दू कोड में महिला को अधिकार प्रदान करनाः- डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1951 में हिन्दू आचार संहिता अधिनियम के जरिए लैंगिग समानता को बढ़ाना चाहते थे, जिसके लिए महिलाओं को बराबरी का हिस्सा देने की बात कही थी।

अम्बेडकर ने नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने का फैसला किया। इससे पहले अम्बेडकर ने महिलाओं को हिन्दू कोड के माध्यम से बहुत अधिकार दे दिए थे, जो किसी क्रांति से कम नहीं थे।

डॉ. अम्बेडकर ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों से नारी की स्थिति में सुधार तो अवश्य हुआ किन्तु सामाजिक प्रगति में वह सार्थक भूमिका निभाने में समर्थ हो सके, इसके लिए उसकी कतिपय सामाजिक, आर्थिक निर्योग्यताओं को दूर करना आवश्यक था। अम्बेडकर कानून मंत्री की स्थिति का लाभ उठाते हुए इस कमी को दूर करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि सुधार की सबसे अधिक जरूरत सामाजिक विधान के क्षेत्र में है क्योंकि इस क्षेत्र में हम बहुत पिछड़े हुए हैं। तदनुसार संविधान निर्माण के तुरंत बाद उन्होंने सामाजिक विधान की रचना का कार्य हाथ में लिया और हिन्दू कोड बिल बनाया। कोड का अर्थ है, किसी कानून या विधि का एकीकरण। हिन्दू कोड का तात्पर्य है-हिन्दुओं के इधर-उधर शास्त्रों में बिखरे पड़े अथवा शताब्दियों से चली आ रही ऐसी रूढ़ियों को, जो कानून से भी अधिक बलवती हो रही हैं, किंतु उनकी अब कुछ भी उपादेयता दिखाई नहीं देती वरन हिन्दू समाज के लिए घातक सिद्ध हो रही हैं। हिन्दू कोड बिल में पुराने विधानों की जगह नए सुधारपूर्ण विधि-विधान बनाए गए। इस कोड में पति के मर जाने पर हिन्दू स्त्री को पति की सम्पत्ति में उसकी संतान के बराबर हिस्सा या अंश देने का नियम बनाया गया। पहले हिन्दू धर्मशास्त्रों में विधवा के लिए न तो दूसरी शादी का विधान था और न ही जायदाद में हिस्सा मिलता था। हिन्दू कोड के अनुसार यह कानून भी बना दिया गया था। अब न केवल लड़का ही दत्तक बन सकता था, बल्कि लड़की भी दत्तक ली जा सकती थी। यह भी प्रावधान कर दिया गया था कि अब वृद्ध माता-पिता का भरण-पोषण लोक-लाज के डर की वजह से नहीं बल्कि कानूनी तौर पर करें। डॉ. अम्बेडकर के मंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद हिन्दू कोड बिल टुकड़ों में पास हुआ। लेकिन यह कहा जा सकता है कि उसके महिलाओं के अधिकार देने वाला हिन्दू कोड बिल की नींव डॉ. अम्बेडकर की ही देन है। संविधान निर्माण में भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बहु प्रतिभा के धनी थे। बहरहाल, यही कहा जा सकता है कि महिलाओं को अधिकार देकर डॉ. अम्बेडकर ने विश्वभर में एक नजीर पेश की थी। भारत में आजादी के साथ डॉ. अम्बेडकर ने महिलाओं को मतदान का अधिकार दे दिया था लेकिन अमेरिका ने अपनी देश की आजादी के 133 साल बाद 1920 में महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया था।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आम्बेडकर, समरसता और संघ

वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है।

**सौरभ मालवीय**

देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणी है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे- ॡएक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए?। वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। किसी भी भूल से यदि नींव जरा सी भी कच्ची रह गई, तो इमारत का उस ओर का भाग ढल जाएगा। इमारत में दरार पड़ जाएगी और आखिर में वह संपूर्ण इमारत ढह जाएगी। जीवन में निस्वार्थ भावना आए बिना खरा अनुशासन निर्माण नहीं होता। सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती, और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। सभी हिंदू भाइयों के साथ फिर वह किसी भी उच्च या नीच श्रेणी के समझे जाते हों, हमारा व्यवहार हर एक से प्रेम का होना चाहिए। किसी भी हिंदू भाई को नीच समझकर उसे दुत्कारना पाप है। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। वयोवृद्ध लोगों का संघ कार्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे संघ के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व उठा सकते हैं। यदि प्रौढ़ लोग अपने प्रतिष्ठा और व्यवहार कुशलता का उपयोग संघ कार्य किए तो करें, तो युवा अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए, और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है। ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। महात्मा गांधी भी संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने वर्ष 1934 में वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर देखा था, जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित हुए थे। इसमें दलित समाज के लोग भी थे। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि आपके संगठन में अस्पृश्यता का अभाव देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूं। इसी प्रकार डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्हें वर्ष 1939 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि शिविर में सभी जातियों के लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें दलित समाज के लोग भी सम्मिलित थे। शिविर में सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा था।

## उत्तराखंड के इस स्थान पर शिव पार्वती ने लिए थे सात फेरे

आजकल कपल्स के बीच डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन अधिक है। डेस्टिनेशन वेडिंग में कपल्स किसी दूसरे खूबसूरत स्थान पर जाकर परिवार की मौजूदगी में शादी करते हैं। शादी का यह तरीका काफी पसंद आ रहा है, लेकिन डेस्टिनेशन वेडिंग अधिक खचीर्ला हो सकता है। सामान्य परिवार सेलिब्रिटी की तरह चाहकर भी डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं कर पाते हैं। लेकिन भारत में एक ऐसी जगह है, जहां पर आप डेस्टिनेशन वेडिंग के सपने को पूरा कर सकते हैं और इसमें खर्चा भी कम आएगा। यह स्थान धार्मिक महत्व रखने के साथ ही पर्यटन के लिहाज से भी काफी शानदार जगह है। बता दें कि हरी-भरी पहाड़ियों के बीच खूबसूरत दृश्यों वाले त्रियुगीनारायण मंदिर में जब दूल्हा-दुल्हन पवित्र अग्निकुंड के समक्ष सात फेरे लेते हैं। माना जाता है कि स्वयं भोलेनाथ और मां पार्वती का आशीर्वाद मिलता है। यहां पर शादी के लिए कपल को पैकेज भी दिया जाता है। जिसके लिए आपको कुछ हजार रुपए खर्च करने होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड की सबसे सस्ती और सुंदर जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।



डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल घोषित हुआ यह मंदिर देवभूमि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकते हैं। त्रियुगीनारायण मंदिर ऊखीमठ ब्लॉक में स्थित है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र है। उत्तराखंड जाने वाले श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन के लिए जरूर जाते हैं। साल 2018 में उत्तराखंड सरकार ने त्रियुगीनारायण मंदिर को डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल घोषित कर दिया है। सरकार की तरफ से इस मंदिर को डेस्टिनेशन वेडिंग घोषित किए जाने के बाद से यहां पर देश-विदेश से लोग शादी के लिए आते हैं। त्रियुगीनारायण मंदिर में हर साल करीब 200 शादी होती हैं। ागवान शिव-पार्वती ने यहां की थी शादी त्रियुगीनारायण मंदिर की लोकप्रियता शादी के लिए कपल्स के बीच बढ़ने की खास वजह भी है। त्रियुगीनारायण मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। धार्मिक मान्यता है कि इसी स्थान पर भोलेनाथ और मां पार्वती का विवाह हुआ था। त्रियुगीनारायण मंदिर को शिव-पार्वती के विवाह का प्रतीक भी माना जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक शिव-पार्वती के विवाह के दौरान यहां पर जलाई गई अग्नि आज भी जल रही है। इस विवाह में श्रीहरि विष्णु ने मां पार्वती के भाई बने थे और ब्रह्म देव पुरोहित बने थे। इसलिए इस विवाह स्थल को ब्रह्म शिला भी कहते हैं। यह शिला मंदिर के ठीक सामने है और मंदिर की स्थापना त्रेता युग में हुई थी।

**यहां कैसे करें शादी**

जानकारी के मुताबिक इस मंदिर में शादी करने के लिए आपको पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। रजिस्ट्रेशन फीस 1100 रुपए होती है। रजिस्ट्रेशन में कपल का फोन नंबर, आधार कार्ड मंदिर समिति के पास रजिस्टर्ड करवाया जाता है। यहां पर पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी करवाई जाती है प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्रियुगीनारायण मंदिर में शादी के लिए वेडिंग पैकेज मिलता है। इस पैकेज में शादी का पूरा इंतजाम शामिल है।

## सेहत

### सर्दियों में ठंड से बचाव के लिए बैंगन के सूप का करें सेवन

सर्दियों में शरीर को ठंड से बचाकर रखना होता है। लेकिन कई बार ठंडी हवा लग जाने की वजह से कुछ आम बीमारियां हो जाती है। वहीं आम दिखने वाली बीमारियां काफी परेशान भी करती हैं। लेकिन शायद है कोई हो जो इन समस्याओं से बच पाता होगा। जिन लोगों को कामकाज के सिलसिले में घर से बाहर निकलना पड़ता है, उन्हें अक्सर सिरदर्द और बलगम जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि सर्दियों के मौसम में सिरदर्द-बलगम जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए बैंगन के सूप का सेवन करना चाहिए। बता दें कि बैंगन का सूप स्वास्थ्य के लिए बेशकीमती वरदान साबित हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बैंगन का सूप बनाने की विधि और इसको पीने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### बेगमगंज में सड़क पर जबरन मकान निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की पुलिस से शिकायत

साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना क्षेत्र के बेलमोड़ से बेगमगंज हाटपाड़ा जाने वाली आरईओ सड़क पर जबरन मकान निर्माण कराए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने राधानगर थाना पुलिस से शिकायत की है।स्थानीय ग्रामीण आनंद मंडल, शिवपति मंडल, रतन कर्मकार, महावीर मंडल मंटू मंडल,रामचंद्र मंडल,उज्वल शाह, इंद्रजीत मंडल आदि ने गुरुवार को राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर मकान निर्माण में रोक लगाने की मांग की है। पुलिस को आवेदन देकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बेलमोड़ से बेगमगंज हाटपाड़ा जाने वाली सड़क लगभग 50 से 60 फीट चौड़ाई है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ प्रतिदिन छोटी बड़ी वाहनों का परिचालन लगातार जारी है। उक्त सड़क पर अचानक उत्तरी बेगमगंज गांव के सुकदेव मंडल,प्रीतम मंडल व पियूष मंडल सभी एकजुट लाठी, डंडा से लैश होकर सरकारी रास्ता पर जबरन मकान निर्माण कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली गलौज एवं मारपीट करने की धमकी दे रहे है। सरकारी रास्ता पर मकान निर्माण होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होगी। वही ग्रामीणों ने थाना पुलिस से अविलंब मकान निर्माण में रोक लगाकर आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस छानबीन कर रही है।

### संजय यादव को मंत्री बनाए जाने पर राजद नेता मुन्ना यादव ने दी बधाई



**साहिबगंज :** गोड्डा राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर शहर के मछुआ सोसाइटी में राजद के प्रदेश महासचिव मुन्ना यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओ ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया।इस मौके पर झारखंड राजद प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने मीडिया से बातें करते इंडिया गठबंधन के नेताओं को बधाई दी।साथ ही राहुल गांधी,हेमंत सोरेन,कल्पना सोरेन,राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी नेताओं को धन्यवाद दिया।वही मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजद नेता मुन्ना यादव ने कहा कि गोड्डा विधायक संजय यादव के जिम्मे जो भी विभाग सरकार निर्धारित करेगी।श्री यादव झारखंड की जनता की सेवा शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे।मौके पर राजद जिला महासचिव सोनू यादव,नीतीश यादव,आनंद सिंह,आदित्य सिंह, छोटू यादव,प्रीतम कुमार,नीतीश यादव,विकास चौबे,मुन्ना कुरैशी, अमन सिंह समेत दर्जनों आरजेडी महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दुमका में मिला युवक का शव, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

दुमकाः जिला के जामा थाना की पुलिस ने आज गुरुवार को कमारदुधानी गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ियों से 20 साल के एक युवक का शव बरामद किया है. मृतक मिथुन महतो जामा थाना क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा पंचायत के गड़गड़िया गांव का रहने वाला था. मिथुन महतो के शव बरामदगी के बाद पुलिस इसे हादसा तो घरवालों उसके चार दोस्तों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं. इधर मौत की वजह जानने के लिए पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है. आज दुमका के जामा थाना के कमारदुधानी गांव के लोगों ने शव देखने के बाद जामा थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने मौके पर जांच करने के बाद शव की पहचान की और घरवालों को सूचित करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक के शरीर पर किसी तरह की चोट नजर नहीं आई, केवल कान और गले के पास हल्की खरोंच का निशान था. घरवालों ने पुलिस को एक आवेदन दिया है, जिसमें गांव के चार युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है. साथ ही बताया कि युवक हाईवा चालक के रूप में काम कर रहा था. मृतक के मामा मनोज राउत का कहना था कि बुधवार की देर शाम करीब आठ गांव के ही चार युवक दो बाइक से घर आए और मिथुन को बुलाकर अपने साथ ले गए. देर रात तक वह वापस नहीं आया तो खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला. आज पुलिस से सूचना मिली कि उनके उसका शव मिला है.

मिथुन की मौत के बाद उसके चारों दोस्तों ने मोबाइल बंद कर लिया है. अगर बेटे के साथ कोई हादसा हुआ था तो रात में आकर बताना चाहिए था. चारों ने ही किसी विवाद में पीट-पीटकर उनके बेटे की जान ली है. मामा का कहना है कि अगर भांजा किसी वाहन से टकराया होता तो शरीर में चोट आती केवल कान और गले के पास हल्की खरोंच है.

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म के खिलाफ पाकुड़ में विरोध-प्रदर्शन



पाकुड़ः बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म के खिलाफ और इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग को लेकर गुरुवार को पाकुड़ में हिंदू संगठनों ने आक्रोश जुलूस निकाला और अपना विरोध दर्ज कराया. सनातन धर्म से जुड़े हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.

पाकुड़ के रेलवे मैदान से जुलूस निकाला गया था. जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सिदो कान्हू मुर्मू पार्क पहुंचा. यहां जुलूस धरना में तब्दील हो गया. इस दौरान लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार पर रोक लगाने, संयुक्त राष्ट्र संघ से चुप्पी तोड़ने, इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई, बांग्लादेश के हिंदुओं को सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की. धरना-प्रदर्शन में हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों के अलावे विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल थे.वहीं धरना-प्रदर्शन के बाद हिंदू संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम पाकुड़ डीसी को ज्ञापन सौंपा है और मामले में पहल करने की मांग की है.

प्रदर्शन में शामिल बांग्लादेश के टांडेल जिले से पाकुड़ आये संत महाप्रसाद ब्राम्हचारी ने बताया बांग्लादेश में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं. जहां हिन्दुओं की संख्या कम है वहां उन पर अत्याचार किया जा रहा है. संत ने कहा कि बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में हिन्दुओं को एकजुट होना होगा, तभी हिन्दू सुरक्षित हो सकता है.

# पैसे के लेनदेन में हुई थी माओवादी छोटू खरवार की हत्या

## हत्याकांड में शामिल नक्सली समेत चार आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहारः** माओवादियों के रिजनल कमांडर छोटू खरवार हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को लातेहार पुलिस ने कर दिया है. मामले में पुलिस ने हत्याकांड में शामिल माओवादी दस्ता सदस्य पूरन परहिया समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

गिरफ्तार आरोपियों में माओवादी दस्ता सदस्य पुरन परहिया के साथ बिनेश्वर भुईयां, नूर मोहम्मद और बालकेश भुईयां शामिल हैं. सभी आरोपी लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव के रहने वाले हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 47 जिंदा गोली भी बरामद की है. दरअसल, गत 27 नवंबर को छोटू खरवार का शव भीमपाव जंगल में बरामद हुआ था. उसकी हत्या गोली मारकर की गई थी. नक्सली कमांडर का शव मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी. इसी बीच लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि छोटू खरवार की हत्याकांड में शामिल माओवादी दस्ता सदस्य पुरन परहिया अपने गांव नावाडीह आया हुआ है.



इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर डीएसपी भरत राम के नेतृत्व में पुलिस ने एक टीम बनाकर नक्सली की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की. पुलिस की टीम ने पुरन को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया. बाद में पूछताछ के बाद उसके निशानदेही पर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया. वहीं गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर पुलिस ने 47 जिंदा गोली के अलावे एके-47 का एक मैगजीन और अन्य सामान बरामद किया है.इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि माओवादी कमांडर छोटू खरवार की हत्या नक्सलियों ने ही पैसे के लेनदेन में हुए विवाद को लेकर की थी. एसपी ने बताया कि पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद संगठन में तनाव चल रहा था. नक्सली कमांडर मृत्युंजय भुईयां और छोटू खरवार के बीच वर्चस्व की भी लड़ाई चल रही थी. इस मामले में तनाव बढ़ गया और छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई.

एसपी कुमार गौरव ने बताया कि 25 नवंबर की रात को ही छोटू खरवार की हत्या कर दी गई थी. बाद में माओवादियों ने कुछ ग्रामीणों के सहयोग से छोटू खरवार के शव को जंगल में जमीन के नीचे दफन कर दिया था. लेकिन बाद में 26 नवंबर की रात में फिर से उसके शव को जमीन से निकालकर जंगल में फेंक दिया गया. एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में कई अन्य नक्सली भी शामिल थे, जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है. पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी कर रही है.

एसपी कुमार गौरव ने इस दौरान बचे हुए नक्सलियों से अपील की है कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर सरेंडर कर दें और समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाएं. एसपी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस हर प्रकार से सहयोग देने के लिए तैयार है.नक्सलियों के खिलाफ की गई छापेमारी में डीएसपी भरत राम, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, राधेश्याम कुमार, पुलिस पदाधिकारी रितेश कुमार, राजेश कुमार, सरोज कुमार दास समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के भूमिका महत्वपूर्ण रही.

## आरपीएफ ने पांच बच्चों को तस्करों के चंगुल से कराया मुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवाः** आरपीएफ ने नाबालिग बच्चों को बहला फुसलाकर श्रम कार्य कराने वाले एक तस्कर हिरासत में लेते हुए पाँच नाबालिक बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफलता हासिल की है।इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को मानव तस्करों के संबंध में सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग लड़कों को श्रम कार्य के लिए बहला-फुसलाकर ट्रेन से अन्य राज्यों में लाया जा रहा है।सूचना के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई जेके दुबे,एएसआई सुरेश पासवान,एचसी मजनू सोरेन टीम गठित कर बरहरवा स्टेशन पर बुधवार की रात सवा आठ बजे तलाशी एवं जांच की गई।तलाशी के दौरान 5 नाबालिग लड़कों को संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास घूमते हुए पाया गया और एक अन्य व्यक्ति ने उनका



मार्गदर्शन किया।आगे बताया कि उमर फारूक (15 वर्ष),मो मंजर आलम (15 वर्ष),गुलाम रसूल शेख (14 वर्ष),लाल मोहम्मद (14 वर्ष),हसन शेख (14 वर्ष) उपरोक्त सभी 05 नाबालिग लड़कों से पूछताछ करने पर बताया कि एक अन्य व्यक्ति उन लोगों को श्रम कार्य के लिए गुजरात ले जा रहा था।वहीं पुलिस ने मो नसरुद्दीन शेख को भी हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर उसने 05 नाबालिग लड़कों की तस्करी के संबंध में अपना अपराध कबूल कर लिया।वहीं हिरासत में लिए गए सभी को थाना लाया गया। उपरोक्त मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई तथा शिकायत के आधार पर जीआरपी बरहरवा ने धारा 137(2),143(5) बीएनएस तथा 75/81 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।तथा सभी 5 नाबालिग लड़कों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आराधना मंडल,बाल संरक्षण मंथन साहिबगंज को सौंप दिया गया।वहीं बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ गढ़वा में आक्रोश मार्च

### हिंदू संगठनों का धरना-प्रदर्शन

मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वाः** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ गुरुवार को गढ़वा जिला मुख्यालय में हिन्दू संगठनों ने आक्रोश मार्च निकाला और धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान हिंदुओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

शहर के कालीस्थान मंदिर परिसर में धरना के बाद हिंदू संगठनों के लोगों ने आक्रोश मार्च निकाला. जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए. यह आक्रोश मार्च चिनियां मोड़ से निकाला गया था, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए समाहरणालय पहुंचा.

गढ़वा में आक्रोश मार्च में शामिल हिंदू संगठनों से जुड़े लोग और इस्कॉन संस्था के सदस्य का बयान. (वीडियो-ईटीवी भारत)




धरना-प्रदर्शन में शामिल इस्कॉन संस्था के सदस्य गौरांग शक्ति दास ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति से सभी लोग अवगत हैं. बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म ढाया जा रहा है. इस कारण बांग्लादेशी सनातनी आशा भरी निगाह से भारत की ओर देख रहे हैं. ऐसी स्थिति में हम सभी की भी जिम्मेवारी बनती है.

गौरांग शक्ति दास ने कहा कि वर्तमान में बांग्लादेश में इस्लाम को छोड़ कर सभी अल्पसंख्यक धर्म के लोगों को टारगेट किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से वे सरकार से यह आग्रह करते हैं कि इस मामले में हस्तक्षेप करें. उन्होंने कहा कि मामले में दूसरे मुल्क के लोग खामोश बैठे हैं. यूएन भी कुछ नहीं बोल रहा है. उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ जो व्यवहार कर रहे हैं यदि ऐसा ही व्यवहार जिन देशों में वो अल्पसंख्यक हैं तो क्या होगा. कहीं न कहीं ये लोग अपनों को भी खतरे में डाल रहे हैं. इसलिए उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए.

## मानव तस्करीः गुजरात ले जाए जा रहे बाल मजदूरों समेत 23 श्रमिक मुक्त, प्राथमिकी दर्ज

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमुआ,गिरिडीहः** मानव तस्करी के खिलाफ गिरिडीह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने जिला से गुजरात ले जाए जा रहे 23 श्रमिकों को मुक्त करवाया है. जिन श्रमिकों को मुक्त करवाया गया है उनमें 10 नाबालिग हैं.

यह कार्रवाई गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार को मिली सूचना पर की गई है. मिली सूचना पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में अभियान चलाकर सभी को मुक्त करवाया गया.

एसडीपीओ के द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग व कुछ बालिग लड़के लड़कियों को बस के माध्यम से गुजरात ले जाया जा रहा है. सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग में पतरवा के समीप एक बस को पकड़ा गया. जिसमें 19 लड़के, तीन लड़की, एक महिला बैठी हुई थी.

इनमें से किसी के पास यात्रा का टिकट उपलब्ध नहीं था. पूछताछ पर पता चला कि सभी को एजेंटों के द्वारा गुजरात ले जाया जा रहा है. यात्रा टिकट एवं रास्ते का खर्च की जिम्मेवारी एजेंट की है. इसके बाद बस में बैठे सभी लड़के लड़कियों का रेस्क्यू किया गया.

बस जब्त, चालक गिरफ्तार

एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि इस मामले में बस को जब्त कर लिया गया जबकि बस के चालक को हिरासत में लिया गया. वहीं तस्करों के चंगुल से मुक्त करवाए गए बालक-बालिकाओं को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन को सुपुर्द कर दिया गया है. इस मामले में देवरी थाना में बस के चालक गुजरात के दाहोदा जिला अंतर्गत लीमाडीह थाना क्षेत्र के बकोल गांव चिराग हटिला, बस के मालिक जमुआ प्रखंड (नवडीहा ओपी) क्षेत्र के सियाटांड़ के छोटू भाई वर्मा, तस्कर राजधनवार थाना क्षेत्र के गुडरी गांव के बबलू राम, अरखांगो गांव के शंकर साव को के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. वहीं बस के चालक गुजरात के दाहोदा जिला अंतर्गत लीमाडीह थाना क्षेत्र के बकोल गांव चिराग हटिला को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है.

### गुमला में गांजा के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमलाः** जिले के सदर थाना क्षेत्र के गांधीनगर के समीप से अवैध गांजा की बिक्री करने के मामले में तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार महिलाएं एक ही परिवार की सदस्य हैं. तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया. उनके पास से 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है. गुमला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया है कि गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई.

इस मामले को लेकर एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को करीब 2 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि सिसई रोड स्थित गांधीनगर के पास कुछ महिलाओं द्वारा अपने घर में अवैध रूप से गंजा की बिक्री की जा रही है, जिससे आसपास के नाबालिग बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है. इसके बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और वे लोग मौके पर पहुंचे. इस दौरान सिसई रोड स्थित गांधीनगर में एक पहुंचे, जहां तीनों महिलाएं मौजूद थीं.

घर की तलाशी ली गई. तलाशी में लगभग 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. साथ ही महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया. एसपी ने बताया कि पूर्व में भी ये महिलाएं गांजा की खरीद और बिक्री किया करती थीं, जिसकी सूचना मिली थी. वहीं छापेमारी टीम में सुरेश प्रसाद यादव एसडीपीओ के अलावा मुनेश तिवारी, अमर शुक्ला, हेमा देवी, जगसनी देवी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे.

## अनोखा पक्षी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र, व्यापारी बता रहे हैं विदेशी नस्ल

मेट्रो रेज संवाददाता

**हजारीबागः** जिले के कटकमदाग प्रखंड के रेवाली गांव में सड़क किनारे इन दिनों इलाहाबाद से आए व्यापारी अनोखी तरह की मुर्गी की बिक्री कर रहे हैं. व्यापारी इसे चाइनीज मुर्गी बता रहे हैं. वहीं खास तरह की मुर्गी देख लोगों में कौतूहल है. व्यापारी बताते हैं कि ठंड के मौसम में इस खास मुर्गी की डिमांड काफी बढ़ जाती है. इसका अंडा भी सेहत के लिए फायदेमंद है. लेकिन इस खास तरह के मुर्गी के अंडे और उसके मांस को खा सकते हैं कि एक्सपर्ट यह बता नहीं पा रहे हैं.

हजारीबाग में इन दिनों इस खास तरह के पक्षी की काफी चर्चा हो रही है. इलाहाबाद से आए व्यापारी इन मुर्गे और मुर्गियों की हजारीबाग में बिक्री कर रहे हैं. 600 रुपये जोड़ा की दर से इसकी बिक्री की जा रही है. देखने में मुर्गी अजीबोगरीब है. काले रंग के ऊपर



सफेद स्पॉट वाली मुर्गियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं. जो भी व्यक्ति उधर से गुजरता है, एक बार रुककर इनके झुंड को जरूर देखता है.

लगभग 2000 से अधिक मुर्गे और मुर्गियां लेकर इलाहाबाद से हजारीबाग पहुंचे व्यापारी बताते हैं कि बिहार में इसे तीतर और उत्तर प्रदेश में चाइना मुर्गा के नाम से जाना जाता है. इलाहाबाद के आसपास के गांव में किसान इसे बड़े पैमाने पर इस पक्षी को पालते हैं.

हजारीबाग में अनोखे पक्षी के बारे में जानकारी देते व्यापारी और स्थानीय लोग. (वीडियो-ईटीवी भारत)

व्यापारी ने बताया कि 4 महीने में इसका वजन लगभग 3 किलो हो जाता है .डेढ़ महीने के बाद से ही यह खास तरह की मुर्गी अंडा देना शुरू कर देती है. 4 महीने तक लगातार अंडे देती है. इसका अंडा भी काफी स्वादिष्ट होता है. उत्तर प्रदेश में अंडा का व्यवसाय करने वाले भी इस मुर्गी का पालन करते हैं.

बता दें कि हजारीबाग से सिमरिया जाने वाली सड़क किनारे खेत में इन मुर्गियों को रखा गया है. स्थानीय भी बताते हैं की पहली बार इस तरह की मुर्गी हजारीबाग में दिखी है. यह खाने योग्य है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है. मांसाहारी के शौकीन मुर्गी की खरीदारी कर रहे हैं. कई लोग इसे पालने के लिए भी ले जाते हैं.

वहीं इस संबंध में पर्यावरणविद सह पक्षी शोधकर्ता मुरारी सिंह ने कहा कि यह पक्षी भारतीय मूल का नहीं है. लेकिन इसे खाने में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है. अन्य मुर्गी और मुर्गा की ही तरह इसका स्वाद भी अच्छा होता है. हजारीबाग में इसका पालन नहीं होता है, लेकिन इसका पालन किया जा सकता है. यह लाभ का व्यवसाय है.

# 'पुष्पा-2' के मेकर्स को बड़ा झटका




सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा-2' आज रिलीज हो गई है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक उमड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग तस्वीर की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ये खबर प्रोड्यूसर्स के लिए चिंता बढ़ाने वाली है, क्योंकि ये एक्शन थ्रिलर फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। फिल्म 'पुष्पा-2' आज 5 दिसंबर सुबह रिलीज हो गई है। फिल्म के कुछ ही शो हुए हैं, इसी बीच फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। 'पुष्पा-2' 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा द राइज' का सीक्वल है। पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर होने के बाद मेकर्स ने दूसरे पार्ट की घोषणा कर दी थी। कई बार रिलीज डेट टलने के बाद आखिरकार यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के पहले ही दिन कुछ ही घंटों में लीक हो जाना मेकर्स के लिए बड़ा झटका हो सकता है। अब लोग इस फिल्म को फ्री में डाउनलोड करके देख सकते हैं। फिल्म को पायरेसी प्लेटफॉर्म पर 1080स्र, 720स्र, 480स्र, 360स्र, 240स्र, लऊ में लीक किया गया है। इसलिए इस फिल्म के कलेक्शन पर असर पड़ने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म को टोरेंट प्लेटफॉर्म और इबोम्मा, मूवीरुलज, तमिलरॉकर्स, फिल्मीज़िला, तमिलयोगी, तमिलब्लास्टर्स, बॉली4यू, जैशा मूवीज, 9अक्स मूवीज और मॉविएदा जैसी पायरेसी वेबसाइटों पर लीक कर दिया गया है। आज 5 दिसंबर सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'पुष्पा 2' के लगभग सभी शो हाउसफुल हैं। ऐसे में अगर यह बहुप्रतीक्षित फिल्म मुफ्त में मिलेगी तो दर्शक थिएटर नहीं जाएंगे। इससे कमाई के मामले में बड़ी मार पड़ सकती है।

# आईएमडीबी की रैंकिंग में तृप्ति डिमरी पहले स्थान पर

फिल्मों, टीवी और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी का दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और विश्वसनीय स्रोत आईएमडीबी ने 2024 के सबसे प्रसिद्ध भारतीय अभिनेताओं की सूची घोषित कर दी है। टॉप 10 सेलिब्रिटीज की इस लिस्ट में फिल्म 'एनिमल' से सुर्खियों में आईं तृप्ति डिमरी पहले स्थान पर हैं। तृप्ति ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट को भी पछाड़ दिया है।
आईएमडीबी रैंकिंग के लिए दुनिया भर से 25 मिलियन से अधिक दर्शकों को शामिल किया गया था। इसमें तृप्ति डिमरी 2024 में भारत की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में नंबर वन बन गई हैं। इस साल उन्होंने तीन फिल्मों बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और भूल भुलैया-3 में अभिनय किया और दुनिया भर में प्रशंसकों ने उनकी सराहना की। दीपिका पादुकोण दूसरे और आलिया भट्ट नौवें स्थान पर हैं। आईएमडीबी इंडिया की प्रमुख यामिनी पटोदिया ने कहा कि 2024 के सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की आईएमडीबी सूची भारतीय मनोरंजन जगत की विविधता को दर्शाती है, जिसमें स्थापित दिग्गज और उभरती प्रतिभाएं दोनों शामिल हैं। हमारी वार्षिक सूची वैश्विक दर्शकों की बदलती रुचियों को दर्शाती है और दिखाती है कि कैसे शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय बच्चन जैसे दिग्गज आज भी तृप्ति डिमरी और शारवरी जैसे नए कलाकारों के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। इस साल की सूची यह भी दिखाती है कि भारतीय फिल्मों और उनके कलाकारों की अंतरराष्ट्रीय पहचान कैसे बढ़ रही है। तृप्ति डिमरी ने अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की सूची में नंबर 1 स्थान पर आना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह मेरे प्रशंसकों के अविश्वसनीय समर्थन और उन सभी की कड़ी मेहनत की स्वीकृति है, जिनके साथ मैंने काम किया है। मैंने इस साल कई रोमांचक प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और 2024 भूल भुलैया-3 के साथ खत्म हो रहा है और यह मेरे लिए एक यादगार साल रहा है। मैं इन प्रेरक परियोजनाओं का हिस्सा बनने और भविष्य में नई सामग्री पर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

**2024 में आईएमडीबी के शीर्ष 10 में भारतीय अभिनेता और अभिनेत्रियां**

1. तृप्ति डिमरी
2. दीपिका पादुकोण
3. ईशान खट्टर
4. शाहरुख खान
5. शोभिता धूलिपाला
6. शारवारी वाघ
7. ऐश्वर्या राय बच्चन
8. सामंथा
9. आलिया भट्ट
10. प्रभास



आईएमडीबी रैंकिंग के लिए दुनिया भर से 25 मिलियन से अधिक दर्शकों को शामिल किया गया था। इसमें तृप्ति डिमरी 2024 में भारत की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में नंबर वन बन गई हैं। इस साल उन्होंने तीन फिल्मों बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और भूल भुलैया-3 में अभिनय किया और दुनिया भर में प्रशंसकों ने उनकी सराहना की।




# ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद पर बरसाया प्यार

बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले ऋतिक रोशन अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। ऋतिक अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इसी बीच एक्टर ने वीडियो शेयर किया है. जिसमें वह गाना गाती नजर आ रही हैं। ऋतिक रोशन ने हाल ही में सबा को खुश करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके गाने का एक वीडियो शेयर किया और पोस्ट को कैप्शन दिया- 'किलिंग इट'। इस वीडियो में एक्ट्रेस लाइव शो के दौरान गाना गाती और डांस करती नजर आ रही हैं। यह पहली बार नहीं है कि ऋतिक सबा की तारीफ कर रहे हैं। वह सोशल मीडिया पर हमेशा उनके लिए ऐसे पोस्ट करते रहते हैं। पिछले महीने सबा के बर्थडे पर ऋतिक ने एक पोस्ट शेयर किया था। एक्टर ने बर्थडे विश करते हुए खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं। ऋतिक के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अयान मुखर्जी के निर्देशन में एक्शन ड्रामा 'वॉर-2' में नजर आएंगे। अभिनेता फिल्म में कबीर की भूमिका फिर से निभाएंगे। कियारा आडवाणी अभिनीत आगामी एक्शन थ्रिलर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।-

# बीबीएल 14 : चोटों ने बढ़ाई टीमों की चिंता

एजेंसी

**मेलबर्न।** बिग बैश लीग (बीबीएल) के नए सत्र की शुरूआत में अब केवल एक सप्ताह का समय बचा है, हालांकि खिलाड़ियों की चोटों ने टीमों की चिता बढ़ा दी है। तीन टीमों के कप्तान बीबीएल 14 के शुरूआती मैच के लिए फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जबकि कई अन्य चोटों से ऊबरने में लगे हैं। र्थ स्कॉर्चर्स के कप्तान एश्टन टर्नर पर सबसे ज्यादा संकट मंडरा रहा है, क्योंकि सप्ताहांत में क्लब टीम फ्रेमेंटल के लिए बल्लेबाजी करते हुए उन्हें चोट लग गई, जबकि सिडनी सिक्सर्स के मोइसेस हेनरिक्स और मेलबर्न रेनेगेड्स के विल सदरलैंड पिछले दो शेफील्ड शील्ड खेलों में नहीं खेल पाए हैं और बीबीएल ब्रेक से पहले शुक्रवार के अंतिम राउंड में भी नहीं खेल पाएंगे। टर्नर की अनुपस्थिति पांच बार की चैंपियन



के लिए एक बड़ा झटका होगी, क्योंकि पिछले सीजन में इस ऑलराउंडर को टूनार्मेंट की पहली गेंद पर घुटने में चोट लगने के कारण अधिकांश मैच खेलने से चूकना पड़ा था। 31 वर्षीय टर्नर ने स्कॉर्चर्स के अभियान के अंतिम आठ मैचों में भाग नहीं लिया था, क्योंकि नॉकआउट फाइनल में उन्हें अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने एडिलेड स्ट्राइकर्स ने हरा दिया था। पर्थ को बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर कूपर कोनोली और एश्टन एगर की जोड़ी की भी कमी खल सकती है, क्योंकि तीसरे वनडे में मोहम्मद हसनैन की गेंद पर कोनोली का बायां हाथ टूट गया था, जबकि एगर को विक्टोरिया के खिलाफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शील्ड मैच में फील्डिंग करते समय एसी जॉइंट में मोच आ गई थी। स्कॉर्चर्स 15 दिसंबर को ऑप्टस स्टेडियम में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ बीबीएल14 सीजन की शुरूआत करेंगे। स्टार्स उस मैच के लिए पूर्व कप्तान ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस पर भी ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में मैक्सवेल को ग्रेड टू हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन का सामना करना पड़ा था।

# विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे तीन भारतीय भारोत्तोलक

एजेंसी

मनामा, 6 दिसंबर (हि.स.)। तीन सदस्यीय भारतीय टीम (सभी महिलाएं) बहरीन के मनामा में शुरू होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। आज से 16 दिसंबर तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में टोक्यो ओलंपिक 2020 की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक्शन में नहीं दिखेंगी क्योंकि वह अपनी चोटों से लंबे समय तक पुनर्वास पर नजर रख रही हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 के पेरिस ओलंपिक में खेला था, जहां वह चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गई थीं। मीराबाई कीअनुपस्थिति में, उभरती हुई ज्ञानेश्वरी यादव महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेंगी। वह जूनियर विश्व चैंपियनशिप स्तर पर रजत पदक विजेता भी हैं और उन्होंने पिछले साल 49 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। वह चैंपियनशिप में अपने वर्ग के ग्रुप ए में एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक हैं। दूसरी भारतीय कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी हैं, जो महिलाओं के 55 किलोग्राम भार वर्ग के ग्रुप बी में खेल रही हैं, जो एक गैर-ओलंपिक भार वर्ग है। दूसरी ओर, डिटिमोनी सोनोवाल 64 किलोग्राम के ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो एक गैर-ओलंपिक भार वर्ग भी है। इस बार इस प्रतियोगिता में भारत से कोई पुरुष प्रतियोगी नहीं होगा। भारतीय भारोत्तोलकों के लिए विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 का कार्यक्रम इस प्रकार है-

**भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार-**

- 7 दिसंबर, शनिवार- महिलाओं का 49 किग्रा (ए) - 8:00 बजे।
- 8 दिसंबर, रविवार- महिलाओं का 55 किग्रा (सी) - 12:30 बजे।
- महिलाओं का 55 किग्रा (बी) - 5:30 बजे
- महिलाओं का 55 किग्रा (ए) - 10:30 बजे
- 10 दिसंबर, मंगलवार- महिलाओं का 64 किग्रा (डी) - 10:30 बजे।
- महिलाओं का 64 किग्रा (सी) - 12:30 बजे
- महिलाओं का 64 किग्रा (बी) - 5:30 बजे




# फीफा क्लब विश्व कप 2025: मिस्र के क्लब अल अहली के खिलाफ टूनार्मेंट की शुरूआत करेंगे मेसी और इंटर मियामी

एजेंसी

**मियामी :** लियोनेल मेसी और इंटर मियामी मिस्र के क्लब अल अहली के खिलाफ क्लब विश्व कप की शुरूआत करेंगे, जिसमें पाल्मेरास और पोर्टो भी अगले साल अमेरिका में होने वाले टूनार्मेंट के लिए उस समूह का हिस्सा होंगे। ड्रॉ गुरुवार को मियामी में आयोजित किया गया, जिसमें 32 टीमों को नए विस्तारित आयोजन में अपने पहले तीन प्रतिद्वंद्वियों का पता चला। यह टूनार्मेंट 15 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में 11 अलग-अलग शहरों के 12 स्टेडियमों में आयोजित किया जाएगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में मेटलाइफ स्टेडियम में होगा, वही स्टेडियम जो 2026 विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा। क्लब विश्व कप पावरहाउस क्लबों में मैनचेस्टर सिटी, रियल



मैड्रिड, बायर्न म्यूनिख, पेरिस सेंट-जर्मेन, चेल्सी, बोरुसिया डॉर्टमुंड और इंटर मिलान शामिल हैं। इनके अलावा दक्षिण अमेरिका की चार सर्वोच्च रैंक वाली टीमें फ्लेमेंगो, पाल्मेरास, रिवर प्लेट और फ्लूमिनेंस भी टूनार्मेंट का हिस्सा हैं। मेजबान देश के प्रतिनिधि के रूप में मेसी की टीम इंटर मियामी को पहला मैच खेलने का गौरव प्राप्त है। यह फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में हार्ड रॉक स्टेडियम में होगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा,श्यह समावेशिता के बारे में है, यह दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ 32 क्लबों और दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक साथ लाने के बारे में है। अन्य शुरूआती मुकाबलों में पेरिस सेंट-जर्मेन बनाम एटलेटिको मैड्रिड, ग्रुप बी में ब्राजीली क्लब बोटाफोगो बनाम सिएटल, ग्रुप ई में मॉन्टेरी बनाम इंटर मिलान और ग्रुप एच में रियल मैड्रिड का सामना सऊदी क्लब अल-हिलाल से होगा। क्लब प्रतियोगिता में 1998 से 2022 तक विश्व कप द्वारा उपयोग किए जाने वाले पारंपरिक 32-टीम प्रारूप का उपयोग किया जाता है। गुरुवार को चार-चार टीमों के आठ राउंड-रॉबिन समूह बनाए गए, जिनमें से प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 16 के नॉकआउट ब्रैकेट में आगे बढ़ेंगी। यूरोप को 12 स्थान और दक्षिण अमेरिका को छह स्थान मिले, जबकि अफ्रीका, एशिया और उत्तरी अमेरिका को चार-चार स्थान मिले- इंटर मियामी अनिवार्य रूप से उत्तरी अमेरिका से पाँचवाँ स्थान है क्योंकि इसे मेजबान का दर्जा प्राप्त है। ओशिनिया को एक

## सीपीएसएफआई के एथलीटों ने वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट यूथ गेम्स 2024 में अब तक जीते 6 पदक

**नई दिल्ली :** सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीपीएसएफआई) के एथलीटों ने थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा में आयोजित 2024 वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया।
सीपीएसएफआई के एथलीटों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित छह पदक जीते हैं। इसमें 18 वर्षीय भविष्य कुमार का शानदार प्रदर्शन भी शामिल है, जिन्होंने 38.3 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर स्वर्ण पदक जीता।
सीपीएसएफआई प्रतिनिधिमंडल के टीम मैनेजर पंकज गुप्ता ने कहा कि यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और कम से कम 15 पदक की उम्मीद है। सीपीएसएफआई की महासचिव कविता सुरेश ने केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और राज्य खेल विभाग को उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया। 2024 के विश्व एबिलिटीस्पोर्ट युवा खेल 1 से 7 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे हैं।

# एडिलेड डे-नाइट टेस्ट : भारत ने पहले दिन चाय तक 82 रन पर खोए 4 विकेट

एजेंसी

**एडिलेड :**भारत ने यहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) के पहले दिन चाय तक 4 विकेट खोकर 82 रन बना लिए हैं। ऋषभ पंत 4 और कप्तान रोहित शर्मा 1 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मिचेल स्टॉर्क ने मैच की पहली ही गेंद पर पिछले मैच के शतकवीर यशस्वी जायसवाल (00) को एलबीडब्ल्यू कर भारत की शुरूआत बिगाड़ दी। इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने मिलकर भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। खतरनाक दिख रही इस जोड़ी को स्टॉर्क ने अपने दूसरे स्पैल की पहली गेंद पर केएल राहुल को आउट कर तोड़ा। राहुल ने 37 रन बनाए। विराट कोहली कुछ खास नहीं कर सके और केवल 7 रन बनाकर स्टॉर्क का तीसरा शिकार बने। स्कॉट बोलैंड ने इसके बाद 81 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। गिल ने 31 रन बनाए। यहां से रोहित शर्मा (1) और पंत ने चायकाल तक कोई नुकसान नहीं होने दिया। बता दें कि भारतीय टीम ने इस मैच के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किये। देवदत्त पडिकल, ध्रुव जुरेल और वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन को शामिल किया गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को टीम में शामिल किया।



# हरियाणा: पानीपत की फैक्ट्री में लगी आग में दो मजदूर जिंदा जले

फैक्ट्री के मालिक ने बताया है कि फैक्ट्री में आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

एजेंसी



**चंडीगढ़ :**पानीपत की धागा फैक्टरी में बीती रात लगी आग में पांच कर्मचारी झुलस गए। जिनमें दो की मौत हो गई व तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। आग बुझाते हुए दमकल कर्मियों ने अंदर से इन पांच कर्मचारियों को निकाला। जानकारी के अनुसार इसराना उपमंडल के अंतर्गत गांव बलाना में शिव फैब्रिक नाम की धागा फैक्ट्री में रात करीब साढ़े 12 बजे यहां आग लग गई। इसके बाद कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री के मालिक ने बताया है कि फैक्ट्री में आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। इसके बाद फैक्ट्री में रात के समय मौजूद 2 कर्मचारी जिंदा जलकर मर गए। मृतकों की पहचान सुमित और तसमिल के रूप में हुई है।

आग से बिल्डिंग और माल के साथ मशीनों को भी नुकसान पहुंचा है। आग की सूचना मिलते ही सोनीपत, गोहाना व आसपास के क्षेत्रों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आग में फंसे कर्मचारियों को बाहर निकाला। फैक्ट्री की आग बुझाने के लिए दमकल की 20 से ज्यादा गाड़ियां रात भर लगी रही। सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग पर काबू पाया गया।


## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से मिली नोटों की गड्डी, भारी हंगामा

एजेंसी



**नई दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को नया विवाद देखने को मिला। उच्च सदन में बेंच नंबर 222 के नीचे से नोट की गड्डी मिलने का मामला सामने आया है। यह सीट कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की है। सभापति जगदीप धनखड़ ने इस मसले को बेहद गंभीर बताया है। इस मामले में उच्च सदन में भाजपा नेता जेपी नड्डा ने इसे असामान्य घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटनाक्रम को लेकर विपक्ष के रवैए पर भी सवाल उठाया। जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभापति को इस मामले की जांच करनी चाहिए। उनके आश्वासन के बाद सदन में शून्यकाल शुरू हुआ।

## चीन के साथ बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर का नेपाल के दो पूर्व विदेश मंत्रियों ने किया विरोध



**काठमांडू :** नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने को लेकर सत्तारूढ़ दल के भीतर से ही असंतुष्टि के स्वर उठने लगे हैं। प्रधानमंत्री ओली की सरकार को समर्थन कर रहे नेपाली कांग्रेस के दो प्रमुख नेताओं ने इस समझौते का विरोध किया है। यह दोनों नेता पूर्व की सरकारों में विदेश मंत्री रह चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता तथा प्रचंड सरकार में विदेश मंत्री रहे एनपी साउद ने कहा है कि पार्टी के निर्णय के विपरीत जाकर यह समझौता करना गलत है। उन्होंने कहा कि जब चीन के साथ ऋण लेकर बीआरआई पर कोई समझौता न करने का निर्णय लिया गया था, तब कैसे ऋण के साथ समझौता किया गया। कांग्रेसी नेता ने कहा कि इस बारे में पार्टी में गंभीर रूप से चर्चा किए जाने की आवश्यकता है। साउद ने यह भी कहा कि चीन के साथ ऋण में समझौता करने से नेपाल के अपने अन्य मित्र राष्ट्रों के साथ संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। इसी तरह नेपाली कांग्रेस के एक अन्य नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री प्रकाश शरण महत ने कहा कि न सिर्फ पार्टी के भीतर, बल्कि गठबंधन में भी यह आधिकारिक निर्णय लिया गया था।

## लालू यादव और शहाबुद्दीन की नाक में दम करने वाले पूर्व डीजीपी डीपी ओझा का निधन

**पटना :** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और सिवान के बाहुबली सांसद रहे मोहम्मद शहबुद्दीन को नाक में दम करने वाले धाकड़ आईपीएस अधिकारी और बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डीपी ओझा का निधन हो गया। डीपी ओझा कुछ समय से बीमार चल रहे थे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित ओझा भारतीय पुलिस सेवा की नौकरी से वीआरएस लेने के बाद से पटना में ही रह रहे थे। पूर्व डीजीपी डीपी ओझा की शख्सियत तब भी राजनीति से जुड़ी हुई थी जब वह पुलिस सेवा में थे। वैचारिक रूप से वह वाम दल के साथ थे। उनकी पुलिसिया शख्सियत को तब काफी नाम मिला जब उन्होंने तत्कालीन राजनीति के सिरमौर लालू प्रसाद की एक नहीं सुनते हुए मो. शहाबुद्दीन के लिए जेल का दरवाजा खोला। नतीजतन लालू प्रसाद यादव से जो करीबी थी वह भी टूटी और उन्हें लालू प्रसाद का कोपभाजन बनना पड़ा। दो माह पहले ही उन्हें डीजीपी के पद से हटा दिया गया। उस दौर में लालू यादव रैलियों में कहा करते थे कि हमने डीपी ओझा का बोझा बांध दिया है। ओझा 1967 बैच के आईपीएस थे और 01 फरवरी, 2003 को डीजीपी का पदभार ग्रहण किया था। डीपी ओझा ने डीजीपी बनते ही बिहार के सबसे बड़े बाहुबली माने जाने वाले और लालू यादव के खासमखास रहे शहाबुद्दीन पर कार्रवाई की थी। सिवान स्थित उनके ठिकानों पर छापेमारी उस समय हुई जब बिहार में सरकार राजद की थी लेकिन डीपी ओझा ने शहाबुद्दीन नकेल कसने के लिए सबसे बड़ा अभियान चलाया था। यह शहाबुद्दीन के खिलाफ वर्ष 1990 में लालू यादव के बिहार की सत्ता में आने के बाद बिहार पुलिस द्वारा की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। डीपी ओझा की सख्ती के बाद से ही शहाबुद्दीन का विकट काल भी शुरू हुआ था। डीजीपी से हटाए जाने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में दीर्घकालिक सफल करियर बिताने वाले डीपी ओझा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। इसके बाद उन्होंने सियासत के मैदान में हाथ आजमाया लेकिन सफल नहीं हुए। डीपी ओझा ने 2004 में भूमिहार बहुल बेगूसराय लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा लेकिन उनकी जमानत जब्त हो गई। उन्हें 6000 से भी कम वोट मिले थे।

## बांग्लादेश ने कोलकाता से उप उच्चायुक्त को वापस बुलाया, अगरतला के सहायक उच्चायोग में सेवाएं बंद

एजेंसी



**कोलकाता :** बांग्लादेश ने कोलकाता में कार्यवाहक उप उच्चायुक्त शिक्र मोहम्मद अशरफुर रहमान को तत्काल ढाका बुला लिया है। यह कदम हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों के विरोध में कोलकाता स्थित मिशन के बाहर हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर उठाया गया है। बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक अधिकारी ने हिन्दुस्थान समाचार को शुक्रवार को बताया कि अशरफुर रहमान, जो कोलकाता में मंत्री (राजनीतिक मामलों) के पद पर कार्यरत हैं, पहले ही ढाका पहुंच चुके हैं। कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रहमान को न केवल प्रदर्शनों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है बल्कि वे अगले सप्ताह दोनों देशों के विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी रहेंगे। उम्मीद है कि वे इसी महीने के मध्य तक कोलकाता लौट आएंगे। पिछले सप्ताह, कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग के बाहर राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों ने लगातार प्रदर्शन किए। ये प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के विरोध में हुए। इसी बीच, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने ₹सुरक्षा कारणों₹ का हवाला देते हुए मंगलवार को अपनी सभी वीजा और वाणिज्यिक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दीं। यह निर्णय सोमवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा मिशन परिसर में घुसने के बाद लिया गया। ये प्रदर्शनकारी ढाका में हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। बढ़ते तनाव के बीच, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया और अगरतला मिशन पर हुए हमलों पर अपना विरोध दर्ज कराया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री अगले सप्ताह विदेश सचिव स्तर की वार्ता के लिए बांग्लादेश जाएंगे। शेख हसीना को हटा कर बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद दोनों देशों के बीच पहली यह उच्च स्तरीय बातचीत 08 अगस्त को होगी। उल्लेखनीय है कि शेख हसीना 05 अगस्त को भारत आ गई थीं, जिसके बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ गया है। हाल ही में हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

## बांग्लादेश के सुनामगंज में हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर हमला

एजेंसी



**ढाका :** बांग्लादेश में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। दुनियाभर में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जुल्म-ओ-सितम की तीखी आलोचना हो रही है। इस सबके बीच सुनामगंज में चिंताजनक घटना सामने आई है। यहां फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले के बाद तनाव बढ़ गया है।ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, 21 वर्षीय हिंदू युवक आकाश दास की फेसबुक पोस्ट पर जारी एक तस्वीर से दूसरे समुदाय के लोग भड़क गए। नफरत की आंधी ने मंगलवार रात सुनामगंज के दोवाराबाजार उपजिला के सुदूरवर्ती गांव मंगलारगांव में कोहराम मचाया। हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर जमकर तोड़फोड़ की गई। दोवाराबाजार पुलिस स्टेशन के प्रभारी जाहिदुल हक ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भीड़ के गुस्से को देखते हुए आकाश को हिरासत में ले लिया गया। स्थानीय नेताओं और धार्मिक प्रतिनिधियों के समर्थन से सेना के जवानों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।उपद्रवियों ने मंगलारगांव के लोकनाथ मंदिर को भी नहीं छोड़ा। मंगलारगांव से सुनामगंज पहुंचे लोकनाथ मंदिर प्रबंध कमेटी के महासचिव खोकन रॉय के अनुसार, भीड़ ने लोकनाथ मंदिर पर भी हमला किया। इस दौरान 15 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान चोरी हो गया। उन्होंने दावा किया कि लगभग 100 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सोने के आभूषणों की दुकानों और हिंदू स्वामित्व वाली दुकानों में लूटपाट की गई। हालांकि पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं से इनकार किया है। सब-इंस्पेक्टर अराफात इब्ने शफीउल्लाह ने कहा कि हिरासत में लिए गए युवक आकाश के खिलाफ साइबर सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। जमानत न मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। गांव में पुलिस और सैन्यबलों को तैनात किया गया है। डिप्टी कमिश्नर एमडी इलियास मिया ने हमले के पीछे संभावित साजिश का संकेत दिया। अधिकारियों को संदेह है कि भीड़ को हिंदू संपत्तियों को निशाना बनाने के लिए उकसाया गया। क्षति का पैमाना बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित किया जा रहा है। इस बीच, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने गुरुवार को कहा कि कम से कम 15 लाख रुपये की क्षति हुई है।--

## बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन भारी मात्रा में जब्त



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र के अंतर्गत अमृतसर व तरनतारन में सर्च ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हेरोइन व पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया। सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले कई दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है। जिसके चलते यहां घुसपैठ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हो रही है। कोहरे को देखते हुए पंजाब पुलिस व बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार गुरुवार रात चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान अमृतसर जिले के अंतर्गत पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके से 520 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसी तरह तरनतारन जिले में चलाए गए ऑपरेशन के दौरान 530 ग्राम हेरोइन तथा एक डीजेआई एआईआर थ्री एस ड्रोन बरामद किया गया है। पाकिस्तान की तरफ से हेरोइन की यह खेप ड्रोन की मदद से भारतीय सीमा में गिराई गई थी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अंबाला जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद, स्कूलों में छुट्टी

**चंडीगढ़ :** किसानों द्वारा दिल्ली कूच का ऐलान किए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने अंबाला जिले में नौ दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। अंबाला जिले के सीमावर्ती गांवों में स्थित स्कूलों में भी आज छुट्टी कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने शंभू बार्डर से सटे अंबाला के गांवों में लोगों से अपील की है कि वह जरूरी स्थिति में ही घर से बाहर निकलें। हरियाणा के मुख्य सचिव ने किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए अंबाला के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों डंगदेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, डडियाना, बारी घेल, लहर्स, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू के क्षेत्र में नौ दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इस बीच किसानों के दिल्ली कूच से पहले पुलिस ने अंबाला जिले के गांवों में आज सुबह पैदल रूट मार्च भी किया।

### चित्रकूट सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**चित्रकूट :** झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चित्रकूट जिले के थाना रैपुरा थाना के पास शुक्रवार सुबह प्रयागराज की ओर से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में बोलेरो सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं।इनमें दो की हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के रहने वाले नन्हे (65) अपने परिवार के साथ अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गये थे। संगम स्नान के बाद लौटते समय झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना के पास उनकी कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में नन्हे के साथ-साथ बोलेरो में सवार हरिराम (45), मोहन (45), रामू (44), मांगना (65) और रामस्वरूप यादव की मौत हो गई। जबकि जमुना (42) कामता , फुला (40) पत्नी जमुना, राज अहिरवार (18) पुत्र जमुना, आकाश (15) पुत्र जमुना, एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो की हालत ज्यादा गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। सभी मृतक और घायल मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र के निवासी है। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना। सीएमओ और सीएमएस को घायलों के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बोलेरो चालक को झपकी आने की वजह से यह दुखद सड़क हादसा हुआ है। सभी शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है।

### पीटीआई नेता उमर अयूब और राजा बशारत को रिहा करने का आदेश

**इस्लामाबाद :** आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं उमर अयूब और राजा बशारत को बड़ी राहत देते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। एटीसी ने पेशावर हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बावजूद दोनों की गिरफ्तारी की आलोचना भी की है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों नेताओं को आज एटीसी के समक्ष पेश किया। एटीसी ने उनकी हिरासत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया, ₹जब हाई कोर्ट ने पहले ही उनकी जमानत मंजूर कर ली थी तो उन्हें गिरफ्तार क्यों किया गया?₹ इसके बाद एटीसी ने उमर अयूब और राजा बशारत को रिहा करने का आदेश दिया है। रावलपिंडी पुलिस ने गुरुवार को अयूब, बशारत और अहमद चट्ठा को रावलपिंडी में सेना के जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) पर हमले के मामले में पीटीआई संस्थापक समेत अन्य संदिग्धों के खिलाफ आरोप दायर करने के बाद अदियाला जेल के बाहर गिरफ्तार किया था। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को 9 मई, 2023 को इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया गया था। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन और दंगे भड़क उठे थे। पीटीआई प्रदर्शनकारियों ने जीएचक्यू, लाहौर के जिन्ना हाउस, मियांवाली एयरबेस और अन्य सहित कई नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।--

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 8.76 एकड़ अफीम की खेती को किया नष्ट

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने हथियारों के साथ-साथ नशीले पदार्थ की तस्करी और इसके उत्पादन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया है। चालू वर्ष में अब तक कम से कम दो सौ एकड़ अफीम की खेती नष्ट की जा चुकी है। इसी सिलसिले में शुक्रवार मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सेनापति जिला पुलिस, वन विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मकुइलोंगडी और थोंगलांग अटोंगबा पहाड़ी श्रृंखलाओं में 8.76 एकड़ अफीम के खेतों को नष्ट कर दिया। शुरूआती फूल अवस्था में अफीम के पौधों को नष्ट कर दिया गया और आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस का लाठीचार्ज

**पटना :** बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा 13 दिसम्बर को होने वाली है। इस परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन और मल्टिपल सेट क्वेश्चन का प्रावधान लागू नहीं करने की मांग को लेकर सैंकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी पटना में बीपीएससी कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। सैंकड़ों की संख्या में बीपीएससी की तैयारी कर रहे युवक और युवतियां बेली रोड पर जमे हुए हैं। उनकी मांग है कि वन डे-वन शिफ्ट सिस्टम से परीक्षा कराई जाए। उनका कहना है कि जबतक आयोग की ओर से उन्हें नॉर्मलाइजेशन और मल्टिपल सेट का प्रावधान हटाने को लेकर लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता तब तक पीछे नहीं हटेंगे। पुलिस के बल प्रयोग के बाद अभ्यर्थियों का आक्रोश और बढ़ गया है।

### भंडारा जिले में दो अलग-अलग हादसों में एक छात्र की मौत और 15 मजदूर घायल

**मुंबई :**भंडारा जिले के मोहदी तहसील में शुक्रवार को सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में 15 मजदूर घायल हो गए हैं। इन दोनों हादसों की छानबीन स्थानीय पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार भंडारा जिले के मोहदी तहसील में आज सुबह सातोना-बीड मार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल पर जा रहे एक छात्र को कुचल दिया , जिससे छात्र करणवीर वांते (18) की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से वाहन चालक फरार हो गया। इस घटना में की सूचना मिलते ही वारथी पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वारथी पुलिस स्टेशन की टीम फरार वाहन चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## बाइक सवार ने स्कूल की बच्ची को मारी टक्कर



**कोलेबिरा:** कल्हाटोली के पास आर सी प्राथमिक विद्यालय कल्हाटोली की 6 साल की बच्ची बिनिता कुल्लू को स्कूल से लौटते समय बाइक सवार मार कर फरार हुए मौके पर कांग्रेस पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग के द्वारा बच्ची को कोलेबिरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया मौके पर खुलेगी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग भी पहुंचे तथा बच्ची का हालचाल जाना तथा डाक्टर ने सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर को डीडीसी ने दी पुष्पांजलि



**लोहरदगा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय समीप स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया।

इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक नीलम सुषमा सारेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धसुमन अर्पित किया।

## पोटका से हार के बाद भी जेएलकेएम का संघर्ष जारी रहेगा : भागीरथी हांसदा

**जादूगोड़ा :** पोटका विधानसभा सीट से जेएलकेएम प्रत्याशी भागीरथी हांसदा ने गुरुवार को कार्यकताओं के साथ बैठक कर हार के कारणों की समीक्षा की। नरवा पहाड़ पर हुई बैठक के बाद उन्होंने कहा कि हार के बाद भी क्षेत्र की तीन लाख 11 हजार जनता की सेवा व उनके हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र की 66 पंचायत के मतदाताओं के प्रति आभार जताया और कहा कि वह पहली बार चुनाव में उतरे थे और 5723 मत मिले। पोटका क्षेत्र में तीसरी पार्टी के रूप में जेएलकेएम का उदय हुआ है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से उम्मीद की कि चुनाव से पहले जनता से किए अपने वादे पूरा करेगी, ताकि जनता ठगा महसूस न करे। झारखंड में परिसीमन आयोग की सिफारिशों को तब तक लागू नहीं करने की मांग उठाई, जब तक खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति धरातल पर नहीं उतर जाती है। बैठक में विशाल मुर्मू, जालिम मार्डी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जगन्नाथ प्रभु के वार्षिक महानुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

**बहरागोड़ा :** बहरागोड़ा प्रखंड के मौदा गांव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ पर चार दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। महानुष्ठान में ओडिशा के पुरी से पुजारियों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अनुष्ठान करा रही है। महानुष्ठान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। इसमें कई गांवों के लोग भाग ले रहे हैं। इस विशेष अवसर पर जगन्नाथ मंदिर समेत यज्ञ मंडप को भव्य तरीके से सजाया गया है। भगवान के दर्शन के लिए दूर-दराज से लोग पहुंच रहे हैं। चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गांव के लोग जुटे हुए हैं। बुधवार अहले सुबह से वेद पाठ, सूर्य पूजा, गो-पूजा, हवन,आरती, पुष्पांजलि समेत कई अनुष्ठा हुए। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## खुसरी ओसीपी के रैयतों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**धनबाद :** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की बैजना कोलियरी के खुसरी ओसीपी में रैयतों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को धरनाझ्रप्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही ओसीपी प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे रैयतों व ग्रामीणों से वार्ता की। प्रबंधन ने मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। रैयतों की मांगों में रोड सेल मजदूरों को 11वें वेज बोर्ड के अनुसार मजदूरी देने, बिना अनुमति के पेड़ काटना बंद करने, ओसीपी के चारों ओर तार से घेराबंदी करने, बासुदेवपुर व खुसरी पथ में कटाई कार्य बंद करने, कांटाघर को दूसरे जगह ले जाने, डीजीएमएस की अनुमति से ही ब्लास्टिंग करने, रास्ते में लाइटिगं की व्यवस्था, खुसरी गांव में बिजली, पानी की व्यवस्था समेत स्वास्थ सुविधा बेरोजगारों को नियोजन देने की मांग शामिल हैं। मौके पर निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पीएन राय, असीम भट्टाचार्य, ललन पांडेय, बापी दास, विजय राय, बामापद मोदक, सुरेश रविदास, अशोक मंडल, अर्जुन भुईयां, सुरेश भुईयां, अशोक क्षेत्रपाल, साधन रवानी, मोनिका भगति, सावित्री भईयाइन, सीता भईयाइन, ललिता भईयाइन सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाली व चबूतरा निर्माण में अनियमितता नहीं : बीडीओ

**धनबाद :** एग्यारकुंड प्रखंड की पंचमोहली पंचायत में नाली व चबूतरा निर्माण में अनियमितता के आरोप मामले में बीडीओ मधु कुमारी ने मुखिया पारुल पांडेय को गुरुवार को क्लीनचिट दे दी। कहा कि निर्माण कार्य में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं हुई है। ज्ञात हो कि पंचमोहली पंचायत में नाली व चबूतरा निर्माण तथा पेवर ब्लॉक बिछाने का मामला पिछले कुछ महीनों से गरमाया हुआ है। एजेंसियों द्वारा इसकी जांच भी की गई है। इस मुद्दे पर एग्यारकुंड प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष काकुली मुखर्जी के नेतृत्व में मुखियाओं ने बीडीओ से मिलकर सही बात सामने लाने की मांग की। इस पर बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि उन्होंने नाली निर्माण की जांच खुद की है। मुखिया पर राशि गबन का आरोप गलत है। उसमें सिर्फ दूसरी योजना की राशि लग जाने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है। पांच इंच की जगह दस इंच की नाली बनाने के कारण दो योजना की राशि उसी में लग गई है। वहीं, चबूतरा निर्माण की राशि मुखिया ने वापस कर दी है। इसलिए कोई वित्तीय अनियमितता का मामला नहीं है। बीडीओ ने कहा कि चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पेवर ब्लॉक बिछाने को लेकर जारी नोटिस का स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया है। बीडीओ से मिलने वालों में मुखिया संघ के मनोज राउत, तनवीर आलम, पारुल पांडेय, कंचन महतो, वंदना देवी, रीता रवानी, अनामिका देवी, रंजीत पासवान, अजय मुर्मू, अजय पासवान, दुबराज महतो, रामदेव पासवान, पप्पू यादव, विमल रवानी, रिंटू पाठक समेत अन्य मुखिया शामिल थे।

# झारखण्ड के नये मंत्री चमरा लिण्डा संघर्ष, धैर्य और जनआन्दोलन के कारण अपनी सशक्त पहचान बनायी है

बिनय मिश्रा

कहते हैं भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो अपने कर्म से परिणाम को बदलने की क्षमता रखते हैं। यही नहीं जीवन में लक्ष्य और उद्देश्य को हमेशा अपना सर्वोपरी मानकर जीवन में संघर्ष कर मंजिल पाया जा सकता है। इसे चरितार्थ किया है झारखण्ड के नये काबीना मंत्री चमरा लिण्डा ने। उनके माता-पिता ने हमेशा उन्हें बेहतर कुछ करने, शिक्षा के साथ-साथ अच्छी सरकारी सेवा में जाकर अपनी मह×ाा को साबित करने के लिए उन्हें प्रेरित करते रहें। उनके पिता छोटी सी नौकरी करने के पश्चात भी अपने बच्चे का लालन-पालन करने के साथ-साथ उन्हें उच्च अधिकारी और उच्च पथ पर बैठा देखना चाहते थे। माँ-पिता के इस सपने को पुरा करने के लिए चमरा लिण्डा सर्वप्रथम सरकारी नौकरी में आये भी किन्तु पद छोटा रहने के पश्चात उन्हें मानसिक संतुष्टि नहीं हुई और उन्हें ऐसा लगा कि





उन्हें अपने पिता के सपने को इस छोटी सी नौकरी से पुरा नहीं कर सकते। उन्होंने उसी समय ठान लिया कि वे यह नौकरी छोड़कर और बेहतर करेंगे क्योंकि उनके पास मेहनत, लगन, दृढ़ इच्छा शक्ति और कुछ करने की क्षमता और दक्षता भी थी। वे यूपीएससी की तैयारी में भी लग गयें। किन्तु उन्हें लोगों की पीड़ा और व्यथा देखा नहीं गया। इसी के फलस्वरूप वे जनआन्दोलन, जनसमस्या और लोगों के साथ समस्या के निराकरण हेतु निरंतर तत्पर रहें या यूँ कहें कि जनमानस के लिए कुछ करने की जज्बा उन्हें कुछ और ही दिशा देना चाह रहा था। चमरा लिण्डा सर्वप्रथम विधान सभा चुनाव 2005 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था जिसमें महज 569 मतों से चुनाव में पराजित हो गये थे। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनकी यह लोकप्रियता यह बताने के लिए काफी है कि जनता के बीच वे कितने सर्वप्रिय थे। इस चुनाव के पश्चात उनकी सक्रियता और भी बढ़ गयी। लोगों के साथ वे जुड़कर और भी प्रखर हुए और इसका सार्थक परिणाम भी सामने आया जब 2009 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय कल्याण पक्ष के टिकट पर चुनाव लड़ा और पहली बार विधानसभा पहुंचे। इसके पश्चात वे झामुमो में शामिल होकर 2014, 2019 के पश्चात 2024 में श्री लिण्डा विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर तीसरी बार लगातार विधायक बनें। इस बार के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के समीर उरांव को 32756 मतों से पराजित किया। श्री लिण्डा को 1,00,336 वोट मिले वहीं समीर उरांव को 67580 मत प्राप्त हुए। वहीं 2024 के विधानसभा चुनाव के पश्चात नवगठित मंत्रीमंडल में उन्हें मंत्री बनाया गया है जो निश्चित तौर पर एतिहासिक क्षण और उपलब्धि भरा कामयाबी है। आज काबीना मंत्री चमरा लिण्डा के माता पिता के सपने पुरे हुए भले ही वे आज नहीं हैं किन्तु उनके पुत्र ने यह इतिहास रच दिया कि माता पिता ने जो शिक्षा और प्रेरणा दिया उसी का यह परिणाम है कि आज उनका पुत्र झारखण्ड सरकार मे काबीना मंत्री बनाये गये हैं। इनके संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि - लगन हो सच्ची, लक्ष्य हो बेहतर और अच्छी तो कामयाबी भी साथ-साथ चलने लगता है। हैरत और उपलब्धि तो यह है कि हर माँ बाप की होती है यही ईच्छा मेरा बेहतर ऐसा बनें जिससे परिजन, समाज और लोग भी करें प्रशंसा।

# सरस फूड फेस्टिवल में सिमडेगा की दीदियों ने लगाया स्वादिष्ट व्यंजन का स्टॉल



मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगाः** नई दिल्ली में चल रहे सरस फूड फेस्टिवल 2024 में झारखंड राज्य से सिमडेगा की दीदियों द्वारा फूड कोर्ट में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टाल चलाया जा रहा है। ठेठईटांगर प्रखंड की अलबेला समूह की दीदियों द्वारा इस स्टाल में झारखंडी पकवान जैसे दुष्का, पीठा, गुलगुल्ला, बर्रा, मडुआ रोटी, देहाती चिकन, सरला सूप और इडली, रागी मोमो, बिरयानी आदि स्वादिष्ट पकवान बनाए जा रहे है जो कि लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। पूरे फूड कोर्ट में इनका स्टाल आकर्षण का केंद्र बना है। दीदियां बहुत लगन और मेहनत से पकवान बना रही है और उनकी सर्विस, मैनेजमेंट और साफ सफाई से परिदर्शक बहुत खुश हो रहे है। अब तक 250 से भी ज्यादा स्टाल में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठा चुके हैं। दीदियों ने ?14,000 से भी ज्यादा की बिक्री कर ली है। इससे दीदियां बहुत उत्साहित है और उन्होंने आने वाले दिनों में बढ़ने वाली बिक्री के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

# रंका के अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार का चक्रधरपुर हुआ आगमन



बिनय मिश्रा

सरकारी सेवा में तबादला और पद स्थापना सामान्य बातें हैं किंतु ऐसे भी होते हैं अधिकारी जिनके व्यवहार हमेशा हमें लगते हैं बेहतर और प्यारी,

रंका के अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तथा मेरे अनुज प्रवीण कुमार का चक्रधरपुर हुआ आगमन।

2012 बैच के पुलिस निरीक्षक सह वर्तमान समय में गढ़वा जिला के रंका थाना के अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तथा मेरे अनुज प्रवीण कुमार का मेरे निवास स्थल पर आगमन हुआ जो मेरे लिए काफी हार्दिक प्रसन्नता का विषय रहा। ऐसे पुलिस निरीक्षक जिनकी सशक्त पहचान उनकी कामयाबी और उपलब्धि है। मुझे आज भी भली भांति याद है कि कोरोनाकाल के दौरान पुरे शहरवासी और ग्रामीण के बीच इनकी जनसेवा और बेहतर कार्यप्रणाली तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी अभिजीत सिन्हा एवं एसडीपीओ नाथु सिंह मीणा ने भी हमेशा सराहा था। तत्कालीन उपायुक्त अरवा राजकमल इनके पश्चात अनन्य मित्तल, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा, इनके पश्चात पुलिस अधीक्षक अजय लिण्डा ने भी इनके कार्यो को काफी उत्कृष्ट और बेहतर माना था। जहां भी इन्हें जानकारी मिलती थी पुलिस मदद और दवाई के साथ लोगों के आवास के बाहर खड़ी मिलती थी। ऐसे पुलिस निरीक्षक निश्चित तौर पर विभाग, जिला और राज्य के लिए गौरव है। चाईबासा में एरोड्राम के पश्चात बाहर से आई महिला के साथ दुष्कर्म का मामला का उद्?भेदन से प्रवीण कुमार जिला, प्रमण्डल के साथ-साथ राज्य में भी सराहे गये थे। तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह ने उनके कार्यों को काफी बेहतर बताया था और इस मामले के उद्भेदन के फलस्वरूप उन्हें सम्मानित भी किया था जो निश्चित तौर पर उनके बेहतर कार्यप्रणाली और उपलब्धि को भी दशार्ता है। ऐसे पुलिस अधिकारी पर हमें निश्चित तौर पर गर्व है।

## 65 वर्षीय महिला वाहन की चपेट में आई, रांची रिम्स रेफर

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र में रांची-डाल्टनगंज मुख्य सड़क (एनएच 39) पर मांडर मिशन चौक के निकट बुधवार सुबह एक हादसे में 65 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की पहचान चान्हो थाना क्षेत्र के ओपा सुखमार निवासी लिला देवी के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, लिला देवी अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर पंडरा बाजार जा रही थीं। लगभग सुबह 10 बजे मांडर मिशन चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में लिला देवी सड़क पर गिर गईं और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पहल करते हुए लिला देवी को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची के रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर कर दिया गया।

# डीसी ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मध्यान्ह भोजन, पोशाक वितरण, स्कूल बैग वितरण, साईकिल वितरण, छात्रवृति, विद्यालय अनुदान वितरण, दिव्यांग किट, सहित अन्य विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए गए। मध्याह्न भोजन योजना में चावल उठाव एवं विद्यालयों तक परिवहन एवं हथालन का कार्य कर रही एजेंसी की लापरवाही को देखते हुए उसे स्पष्टीकरण का नोटिस देकर अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया ।एजेंसी की लापरवाही को देखते हुए उसे हटाकर पुरानी व्यवस्था के तहत चावल का उठाव की जाएगी। रसोईया के मानदेय का भुगतान,उन्हें आयुष्मान भारत से जोड़ने,उन्हें किसी न किसी पेंशन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया ।उपायुक्त ने प्रधान मंत्री पोषण अभियान को बेहतर



करने,विद्यालयों में चल रहे मध्याह्न भोजन की निगरानी एवं प्रत्येक माह सभी संबंधित अधिकारियों को पच्चीस से तीस विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा उपयुक्त फॉर्मेट में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया ताकि मध्याह्न भोजन की गुणवता बनी रहे। सभी कक्षाओं का पोशाक वितरण व राशि संबंधित के खाते में 15 दिसंबर तक शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की समीक्षा करने का निर्देश दिया ताकि अन्य जिलों वो राज्यों की तुलना में अपनी स्थिति स्पष्ट हो। पुस्तक मेला, टी एल एम मेला आदि बेहतर ढंग से कराने का निर्देश दिया गया, साहित्यकारों, कवियों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया ।उपायुक्त ने जिले का परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने की दिशा में अधिक ध्यान देने की बात कही ।आज की बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरू, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,बीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# खूंटी में जमीन कारोबारियों से लेवी मांगने वाला नक्सली गिरफ्तार

## आगजनी और पोस्टरबाजी कर फैलाता था दहशत

मेट्रो रेज संवाददाता

**खूंटी :** रांची, सिमडेगा, खूंटी और चाईबासा जिले के विभिन्न इलाकों में पीएलएफआई के नाम पर बैनर, पोस्टर और पर्चा चिपकाकर लेवी मांगने वाले पीएलएफआई नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खूंटी के तपकारा गांव निवासी 28 वर्षीय गोविंद मांझी उर्फ ??राजन दा को खूंटी पुलिस ने करमडीह जंगल से हथियार, कारतूस और संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार पीएलएफआई नक्सली तोरपा, रनिया और कर्रा के अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है और एक साल पहले ही जेल से छूटा था। जेल से छूटने के बाद वह मजदूरी करता था लेकिन पीएलएफआई संगठन के एक नक्सली ने उससे संपर्क किया और अब वह अपनी टीम में शामिल हो गया। इसके बाद वह रांची, खूंटी, चाईबासा और सिमडेगा जिले के ठेकेदारों और जमीन कारोबारियों से लेवी वसूल कर संगठन का विस्तार करने के काम में जुट गया था। इतना ही नहीं वह जमीन कारोबारियों को उनके मोबाइल और व्हाट्सएप पर



मैसेज भेजकर लेवी की मांग करता था।

तोरपा डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तार पीएलएफआई नक्सली के घटनाक्रम का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पीएलएफआई नक्सली गोविंद मांझी उर्फ ??राजन दा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए कर्रा थाना क्षेत्र के करमडीह जंगल में घूम रहा था। एसपी अमन कुमार को मिली सूचना पर सत्यापन और कार्रवाई के लिए टीम गठित कर छापेमारी की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए करमडीह जंगल में एक व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम गोविंद मांझी उर्फ राजन दा बताया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद उसके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और दो पीस पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया गया। गोविंद मांझी की गिरफ्तारी से खूंटी, रांची, सिमडेगा और चाईवासा में लेवी, आगजनी और पोस्टर चिपकाने के कई मामलों का खुलासा हुआ है।

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली ने अपने संगठन के शीर्ष नक्सलियों और सदस्यों के बारे में भी कई खुलासे किए हैं। पुलिस को दिए गए बयान और नामों का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द ही उन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लेवी की मांग को लेकर खूंटी और अन्य जिलों में वाहनों में आगजनी और पर्चा चिपकाकर दहशत फैलाने के प्रयास के मामलों का भी खुलासा करेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में वह कर्रा के लोधमा स्थित रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी और पर्चा चिपकाने के प्रयास में शामिल था। इसके अलावा वह खूंटी और रांची के जमीन कारोबारियों को संदेश भेजकर लेवी की मांग करता था। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

28 वर्षीय गोविंद पर खूंटी, चाईबासा, सिमडेगा, गुमला समेत रांची जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं। मूल रूप से गुदड़ी थाना क्षेत्र के बंदगांव के बिटी उदडिंग गांव का निवासी गोविंद वर्तमान में तपकारा थाना क्षेत्र में रहता है। वांछित इससे पहले 2015 में तोरपा में हुए दोहरे हत्याकांड में जेल जा चुका है। इसके अलावा 2018 में डोरमा बाजार और तिरला बाजार में व्यवसायी से लूटपाट और 2019 में गैस पाइपलाइन का काम कर रहे ठेकेदार से लेवी मांगने के मामले में जेल जा चुका है। गोविंद तोरपा, तपकारा और रनिया थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में कुल सात बार जेल जा चुका है।